हरिभूमि
# सिरसा-फतेहाबाद भूमि
रोहतक, शुक्रवार, 28 नवंबर, 2025

12 फतेहाबाद पुलिस द्वारा लगातार एक विशेष...



11 डीसी के निर्देश:शिक्षा व खेल अधिकारी स्कूलों में...



## खबर संक्षेप

### 24 साल पुराने हत्या के मामले में फरार पकड़ा

**फतेहाबाद।** फतेहाबाद पुलिस ने 24 साल पुराने हत्या मामले में सजायाफ्ता आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।



पीओ भगौड़ो के धरपकड़ अभियान के तहत थाना सदर फतेहाबाद पुलिस को यह कामयाबी मिली है। पुलिस ने 24 वर्ष पुराना हत्या का सजायाफ्ता आरोपी बंसी लाल पुत्र बोगा राम निवासी धांगड़ को गिरफ्तार कर न्याय के कटघरे में खड़ा कर दिया। आरोपी बंसी लाल पर वर्ष 2001 में हत्या के आरोप में मामला दर्ज किया गया था।

### समाधान शिविर में सुनी आमजन की समस्याएं

**सिरसा।** स्थानीय लघु सचिवालय में आयोजित समाधान शिविर में जिला विकास एवं पंचायत अधिकारी बलजीत सिंह चहल ने आमजन की शिकायतें सुनी और विभागों को जल्द समाधान के निर्देश दिए। आयोजित समाधान शिविर में कुल नौ शिकायतें आई। डीडीपीओ बलजीत सिंह चहल ने कहा कि समाधान शिविरों का मुख्य उद्देश्य जनता और प्रशासन के बीच सीधा संवाद स्थापित करना है ताकि समस्याओं को समयबद्ध और पारदर्शी तरीके से सुलझाया जा सके।

### कार की टक्कर से बाइक सवार की मौत, कोहराम

**फतेहाबाद।** गांव जांडली खुर्द के पास भूना रोड पर रोड एक्सीडेंट में युवक की मौत हो गई। युवक की बाइक को हिसार के गाड़ी चालक ने टक्कर मार दी। युवक गांव जांडली खुर्द के सरपंच बलवंत का भतीजा था। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंच गई और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए फतेहाबाद के नागरिक अस्पताल में भिजवा दिया है। सरपंच बलवंत ने बताया कि उनका भतीजा 32 वर्षीय रणवीर सिंह मनरेगा में मेट के तौर पर काम करता था।

### अतिरिक्त उपायुक्त ने सुनी लोगों की शिकायतें

**फतेहाबाद।** लघु सचिवालय स्थित सभागार में अतिरिक्त उपायुक्त अनुराग ढालिया की अध्यक्षता में समाधान शिविर आयोजित हुआ। एडीसी ने समाधान शिविर में नागरिकों की शिकायतें सुनी। उन्होंने जिला के सभी कार्यालय अध्यक्षों को निर्देश देते हुए कहा कि नागरिकों की समस्याओं का प्राथमिकता के साथ शीघ्र समाधान करें। अतिरिक्त उपायुक्त के समक्ष नागरिकों ने विभिन्न शिकायतें रखी जिसमें शांति देवी ने राशन कार्ड बनवाने, बनगांव निवासी सुभाष चंद्र व हिजरावां खुर्द निवासी ओमपति ने राशन कार्ड दोबारा बनवाने, भूना निवासी राज कुमार ने संबंधित पर कार्रवई करने की शिकायत दी।

## भाउ गैंग का कुख्यात गैंगस्टर एक घंटा रहा परिवार के बीच

# हथकड़ी में सोनीपत जेल से पिता की तेहरवीं में गांव टिब्बी पहुंचा हिमांशु

हरिभूमि न्यूज ▸▸| फतेहाबाद/भूना

भूना के टिब्बी गांव में गुरुवार को उस समय भावनात्मक माहौल बन गया, जब हिमांशु गैंग का कुख्यात गैंगस्टर जसबीर उर्फ जैकी हथकड़ी में पुलिस सुरक्षा के साथ अपने घर पहुंचा। जैकी को उसके पिता की तेरहवीं संस्कार में शामिल होने के लिए प्रशासन ने एक घंटे का समय दिया था। गांव में सुरक्षा व्यवस्था के लिए करीब 50-60 पुलिसकर्मी तैनात रहे और पूरे क्षेत्र को पुलिस छावनी में तब्दील कर दिया गया।



जसबीर उर्फ जैकी की पुरानी तस्वीर।

कुख्यात गैंगस्टर जसबीर उर्फ जैकी ने दिसंबर 2024 में रंगदारी मामले को लेकर एक व्यापारी की हत्या कर दी थी। सीआईए पुलिस ने हत्यारोपियों का पीछा किया तो उन्होंने पुलिस पर फायरिंग कर दी। पुलिस ने जवाबी कार्रवाई की तो कुख्यात गैंगस्टर जसबीर उर्फ जैकी व एक अन्य दोस्त को कई गोलियां लगी थी, इसलिए उपचार के बाद बच गया था।

जानकारी के अनुसार, गुरुवार सुबह करीब 10 बजे सोनीपत जिला जेल से पुलिस टीम विशेष वैन में आरोपी जैकी को लेकर उसके पैतृक गांव टिब्बी पहुंची। यहां उसे घर में ले जाकर परिवार से मिलने दिया गया। इस दौरान उसकी मां अपने बेटे को देख फफक-फफक कर रोने लगी। भावुक माहौल तब और गहरा गया जब एक घंटे बाद पुलिस टीम वापस ले जाने लगी तो पत्नी रोते हुए पुलिस वैन के पीछे-पीछे दौड़ पड़ी और वाहन के पास खड़ी होकर विलाप करने लगी। उपस्थित लोगों के अनुसार यह दृश्य देख सभी की आंखें नम हो गई। पुलिस के अनुसार जैकी हिसार, गुरुग्राम और रोहतक सहित कई जिलों में सक्रिय हिमांशु गैंग के साथ मिलकर कई बड़ी वारदातों में शामिल रहा है और वर्तमान में सोनीपत जेल में बंद है। उसकी सुरक्षा के मद्देनजर भूना थाना प्रभारी ओमप्रकाश के नेतृत्व में अतिरिक्त पुलिस बल को भी मौके पर तैनात किया गया। घर पर निर्धारित समय पूरा होने के बाद पुलिस उसे वापस भूना थाना लाई और वहां से दोबारा जेल भेज दिया गया। पूरे घटनाक्रम के दौरान गांव में तनाव और सतर्कता का माहौल बना रहा।



**फतेहाबाद।** गैंगस्टर जसबीर उर्फ जैकी को वापस लेकर जाते पुलिसकर्मी।

### हिमांशु गैंग से 2017 में जुड़ा था जैकी

बता दें कि जसबीर 2017 में हिमांशु गैंग से जुड़ा था। उसने 12वीं के बाद कॉलेज में दाखिला लिया। इस दौरान वह गुरुग्राम में प्राइवेट कंपनी में सिक्योरिटी गार्ड की नौकरी करने चला गया। वहां आपराधिक गतिविधियों में शामिल हो गया। दिल्ली-गुरुग्राम में लड़ाई-झगड़े करने लगा। इस मामले में पहली बार गिरफ्तार किया गया। परिवार ने इसके बाद उसे बेदखल कर दिया। जसबीर रोहतक किलोई गांव में एक बारात पर फायरिंग करने और एक फाइनेंसर की हत्या के मामले में भी वांछित था। 9 दिसंबर 2024 को इसी मामले की जांच में जुटी पुलिस के साथ उसकी रोहतक पुलिस के साथ मुठभेड़ हुई। जिसमें उसे गोली भी लग गई।

### पिता का कुछ दिन पहले बीमारी से हो गया निधन

बताया जा रहा है कि जैकी के पिता कृष्ण कुमार जांगड़ा का 10-12 दिन पहले बीमारी के चलते निधन हो गया था, लेकिन जेल प्रशासन ने अंतिम संस्कार में शामिल होने की अनुमति नहीं दी थी। परिवार की ओर से बार-बार निवेदन करने के बाद तेरहवीं संस्कार के दिन उसे सुरक्षा के साथ घर लाया गया। गांव के लोगों का कहना है कि परिवार ने जैकी को उसकी आपराधिक गतिविधियों के चलते पहले ही घर से बेदखल कर रखा था। इसलिए तेरहवीं कार्यक्रम में गांव के किसी भी व्यक्ति को उससे मिलने की अनुमति नहीं दी गई। केवल उसकी मां व करीबी परिजनों ने ही उससे मुलाकात की।

### पिता ने कर दिया था बेदखल

जसबीर उर्फ जैकी के अपराधिक गतिविधियों में सम्मिलित होने की वजह से पिछले कुछ वर्षों पहले उसके पिता ने चल-अचल संपत्ति से बेदखल कर दिया था, इसलिए वह पिछले कुछ वर्षों से घर से बिल्कुल अलग हो चुका था। जसबीर उर्फ जैकी बचपन में बहुत ही सरल स्वभाव का था, जिसने 12वीं पास करने के बाद बीए प्रथम वर्ष में फतेहाबाद में दाखिला लिया था। इसके बाद वह गुरुग्राम में एक प्राइवेट कंपनी में सुरक्षा गार्ड की नौकरी करने के लिए घर से गया था। इसके बाद सरल स्वभाव का दिखने वाला जसबीर उर्फ जैकी में काफी बदलाव आ गया। धीरे-धीरे उसकी आपराधिक गतिविधियां भी उजागर होने लगी थी। दिल्ली में एक लड़ाई झगड़े के मामले में जेल में गया था, जिनकी जमानत भी उन दिनों में परिवार के लोगों ने करवा दी थी। जैसे-जैसे जैकी की हरकतें बढने लगी तो परिवार से उसे बेदखल कर दिया गया।

### बाप खेती-मां करती है सिलाई

टिब्बी गांव निवासी कृष्ण कुमार जांगड़ा अपनी पुश्तैनी डेढ़ एकड़ जमीन में खेती-बड़ी करके घर का गुजर चला रहे थे। उसकी 48 वर्षीय पत्नी अंगूरी देवी सिलाई का काम करके अपना घर का घरेलू खर्च निकाल रही है। दंपति ने इकलौते बेटे जसबीर उर्फ जैकी के जवान होने पर सुख के दिन आने के सपने लिए थे, मगर आर्थिक रूप से कमजोर परिवार की दुर्दशा सुधारने के लिए 12वीं पास करने के बाद जैकी गुरुग्राम में प्राइवेट कंपनी में सुरक्षा गार्ड की नौकरी करने गया था। जहां पर वह गैंगवार के चंगुल में फंस कर रह गया। दंपति ने बेटे पर जो उम्मीद संजोकर रखी हुई थी, वह मात्र सपना बनकर रह गई। दंपति ने एकमात्र अपनी बेटी की शादी कर दी।

### मोस्टवांटेड जैकी के खिलाफ भूना में दर्ज नहीं है कोई भी केस

हिसार, गुरुग्राम तथा रोहतक आदि क्षेत्र में जैकी हिमांशु भाऊ गैंगवार से जुड़कर डकैती, लूटपाट व हत्या तथा हत्या प्रयास की वारदात को अंजाम दे चुका है, जो कई मामले में मोस्ट वांटेड हो चुका था। लेकिन जिला फतेहाबाद में जसबीर उर्फ जैकी के खिलाफ अपने गांव टिब्बी के पुलिस स्टेशन भूना एरिया में कोई भी एफआईआर दर्ज नहीं है। पुलिस सूत्रों का कहना है कि पुलिस रिकॉर्ड में टिब्बी गांव के जसबीर उर्फ जैकी पुत्र कृष्ण कुमार नामक युवक के खिलाफ कोई भी अपराधिक रिकॉर्ड अंकित नहीं है।



**फतेहाबाद।** पुलिस गिरफ्त में पिस्टल सहित गिरफ्तार युवक।

## सीआईए फतेहाबाद को मिली कामयाबी

# शहर से युवक को पिस्टल सहित किया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▸▸| फतेहाबाद

- गश्त के दौरान आरोपी चढ़ा पुलिस के हत्थे

नाजायज हथियार रखने वालों की धरपकड़ करते हुए सीआईए फतेहाबाद पुलिस ने फतेहाबाद शहर से एक युवक को पिस्टल सहित गिरफ्तार किया है। पकड़े गए युवक की पहचान रोहित कुमार उर्फ रोनी पुत्र कमल कुमार निवासी रामनिवास मोहल्ला फतेहाबाद के रूप में हुई है। मिली जानकारी के अनुसार सीआईए फतेहाबाद पुलिस की टीम एचसी मनदीप कुमार के नेतृत्व में अपराधियों की धरपकड़ को लेकर शहर में गश्त पर थी। पुलिस टीम जब वाल्मीकि चौक से रतिया रोड की तरफ जा रही थी तो मॉडल टाऊन स्थित गीता मंदिर के पास सामने से एक युवक पैदल आता दिखााई दिया। उक्त युवक पुलिस टीम को देखकर घबरा गया और वापस मुडक़र तेज कदमों से चला लगा। शक के आधार पर पुलिस कर्मचारियों ने युवक को काबू कर पूछताछ की तो उसने अपना नाम रोहित कुमार उर्फ रोनी पुत्र कमल कुमार निवासी रामनिवास मोहल्ला फतेहाबाद बताया।

### पुलिस कर रही कानूनी कार्रवाई

पूछताछ में युवक ने बताया कि उसके खिलाफ पहले भी काफी आपराधिक मुकदमें दर्ज है जोकि न्यायालय में विचाराधीन है। इस पर पुलिस ने युवक की तलाशी ली तो उसके पास से एक नाजायज पिस्टल 32 बोर और एक जिंदा कारतूस बरामद हुआ। इस पर पुलिस ने युवक को गिरफ्तार कर थाना शहर फतेहाबाद में उसके खिलाफ शस्त्र अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया है। आरोपी के खिलाफ थाना सिटी फतेहाबाद में आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया है। पुलिस ने बताया कि रोहित उर्फ रोनी के खिलाफ पहले से 12 अपराधिक मामले दर्ज हैं, जिनमें आर्म्स एक्ट, आईपीसी की विभिन्न धाराएँ, जुआ एक्ट और प्रिजन एक्ट शामिल हैं।

## नगर परिषद की कार्रवाई से लोगों में मची खलबली

# डबवाली में अतिक्रमण हटाओ अभियान, लोगों में रोष

हरिभूमि न्यूज ▸▸| डबवाली

डबवाली में वीरवार को नगर परिषद की ओर से अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया गया। लेकिन जैसे ही वार्ड नंबर 14 में यह अभियान शुरू हुआ तो लोगों ने इसका विरोध किया। वार्ड नंबर 14 में इस अभियान की शुरुआत कैसे हुई यह भी लोगों के समझ नहीं आया। नगर परिषद के अधिकारी पुलिस बल के साथ जेसीबी मशीन लेकर वार्ड नंबर 14 में आ पहुंचे और अभियान शुरू कर दिया। लोगों के घरों के बाहर बने थड़ें व गेट के रैंप धड़ाधड़ करके टूटने शुरू हो गए। लोगों को जैसे ही इसका पता चला सैकड़ो की तादाद में इलाके के लोग विरोध में उतर आए। लोगों ने अधिकारियों का घेराव कर जवाब तलबी की। लोगों ने पूछा कि आखिर 14 नंबर वार्ड को अभियान के लिए क्यों चुना गया।





**सिरसा।** तोडफ़ोड़ करती जेसीबी मशीन, अधिकारियों का घेराव करते लोग।

### लोगों ने लगाया प्रशासन की मनमानी का अरोप

लोगों ने कहा कि वार्ड नंबर 1/2 व 3 में प्रभावशाली लोग रहते हैं। इसलिए नगर परिषद के अधिकारी वहां अभियान की शुरुआत करने की हिम्मत नहीं जुटा पाए। यहां लोगों के घरों के बाहर बने दो-दो फीट के चबूतरे भी तोड़े जा रहे हैं। मौके पर मौजूद दर्शन सिंगला, मनोज व अन्य ने कहा कि नगर परिषद अपने कार्यों को लेकर फेल साबित हुई है। अब लोगों को परेशान किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि परिषद के अधिकारी स्वयं गलियों में सीमेंट के बेंच रखकर अतिक्रमण कर रहे हैं। क्योंकि उस अतिक्रमण में कमीशन मिलता है, इसलिए वह दिखाई नहीं देता। लोगों ने इस मौके पर नगर परिषद के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। लोगों का विरोध देखकर अधिकारी वहां से चले गए।

### परीक्षाओं को लेकर धारा 163 के आदेश

**फतेहाबाद।** जिलाधीश डॉ. विवेक भारती ने जिला में चौधरी देवी लाल विश्वविद्यालय, सिरसा की स्नातक व स्नातकोतर (यूजी व पीजी) की परीक्षाओं का संचालन सुचारू रूप से संपन्न करवाने व कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए परीक्षा के दौरान सभी परीक्षा केंद्रों पर भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (बीएनएसएस) 2023 के तहत धारा 163 लागू करने के आदेश जारी किये हैं। जिला में 27 नवंबर से 22 दिसंबर तक चौधरी देवी लाल विश्वविद्यालय, सिरसा द्वारा जिला के विभिन्न परीक्षा केंद्रों में ये परीक्षाएं आयोजित होंगी। जिलाधीश द्वारा जारी आदेशों के अनुसार परीक्षा केंद्रों की 500 मीटर की परिधि में किसी भी प्रकार के हथियार ले जाने, किसी भी अनाधिकृत व्यक्ति के परीक्षा केंद्र में प्रवेश करने पर प्रतिबंध रहेगा। परीक्षा केंद्रों की 200 मीटर की परिधि में सभी फोटो स्टेट की दुकानें बंद रखने के आदेश दिए गए है।

## पहाड़ों में हुई बर्फबारी का मैदानी इलाकों में दिखा ठंड का असर

# रात और दिन सामान्य से ज्यादा ठंडे, कम हुआ पारा, बादलवाही के बढ़े आसार

हरिभूमि न्यूज ▸▸| फतेहाबाद

मैदानी राज्यों विशेषकर हरियाणा में धीरे-धीरे ठंड बढऩे लगी है। सम्पूर्ण इलाके में रात्रि का पारा लुढक़ कर सिंगल डिजिट में पहुंच गया है। वर्तमान परिदृश्य कमजोर पश्चिमी मौसम प्रणालियों के असर से उत्तरी पर्वतीय क्षेत्रों पर हो रही बर्फबारी का असर मैदानी राज्यों में दिखाई दे रहा है। फतेहाबाद का रात्रि तापमान 8 डिग्री सेल्सियस चौथे स्थान पर रहा है। यह सामान्य से 2 डिग्री सेल्सियस कम रहा। अधिकतर स्थानों पर दिन के तापमान सामान्य से नीचे बने हुए हैं। हालांकि दिनभर सूर्य की चमकदार धूप खिली रहने से दिन के समय आमजन को कड़ाके की ठंड से राहत भी मिल रही है। फतेहाबाद शहर का वीरवार को अधिकतम तापमान 23 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया जबकि न्यूनतम तापमान 9 डिग्री रहा।



**फतेहाबाद।** सुबह के समय शहर में छाई धुंध। फोटो : हरिभूमि

### फतेहपुर में सबसे कम 2.5 डिग्री तापमान दर्ज

पड़ोसी राज्य राजस्थान के फतेहपुर ने 2.5 डिग्री सेल्सियस के साथ सबसे ठंडी रात दर्ज हुई वहीं, राजस्थान के सीकर और पंजाब के फरीदकोट में तापमान 4.0 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया है। हरियाणा में सबसे ज्यादा ठंडी रातें जिला महेंद्रगढ़ में नारनौल 5.5 डिग्री सेल्सियस प्रथम स्थान पर जबकि सिरसा 5.8 डिग्री सेल्सियस दूसरे स्थान पर जबकि महेंद्रगढ़ का रात्रि तापमान 5.9 डिग्री सेल्सियस तीसरे स्थान पर दर्ज हुआ है। फतेहाबाद में रात का तापमान 9 डिग्री दर्ज हुआ।

**आज हवाओं में बदलाव से बढ़ेगी ठंड:** मौसम विभाग के अनुसार एक कमजोर पश्चिमी विक्षोभ के आज-कल में उत्तरी पर्वतीय क्षेत्रों पर सक्रिय होने से केवल उत्तरी पर्वतीय इलाकों में बर्फबारी होगी।

### सीआईए रतिया ने स्नैचिंग की वारदात का किया पर्दाफाश, एक युवक गिरफ्तार

**रतिया।** पूजा करके मंदिर से लौट रही एक महिला से पर्स छीनने की वारदात को सीआईए रतिया पुलिस की टीम ने कुछ ही घंटों में सुलझा लिया। इस मामले में पुलिस ने एक युवक को गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान कुलदीप उर्फ दीप उर्फ खट्टा पुत्र जोगिन्द्र सिंह निवासी सहनाल के रूप में हुई है।



सीआईए रतिया प्रभारी सहायक उपनिरीक्षक रिछपाल सिंह ने बताया कि मंगलवार को शिकायतकर्ता अनिता गर्ग, निवासी टिब्बा कालोनी, रतिया, मंदिर परिसर से लौट रही थीं, तभी अज्ञात मोटरसाइकिल सवार बदमाश ने उनका पर्स झपट लिया। घटना की सूचना तुरंत थाना शहर रतिया प्रभारी उपनिरीक्षक रणजीत सिंह और सीआईए रतिया टीम को दी गई। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने घटना स्थल और आसपास के क्षेत्र में सघन जांच और निगरानी शुरू की। कड़ी मेहनत और तकनीकी सहायता के बाद पुलिस ने वारदात में शामिल आरोपी कुलदीप उर्फ दीप उर्फ खट्टा पुत्र जोगिन्द्र सिंह निवासी सहनाल को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी से पर्स और अन्य संदिग्ध सामग्री के साथ-साथ वारदात में प्रयुक्त मोटरसाइकिल भी बरामद की गई। पुलिस ने बताया कि पूछताछ के दौरान आरोपी ने अपनी संलिप्तता स्वीकार की। आरोपी से गहन पूछताछ जारी है।

## आक्रोश | काले कानून वापस लेने की मांग पर अड़े कर्मचारी

# रिटायर्ड कर्मचारियों ने मांगों को लेकर डीसी कार्यालय पर किया धरना-प्रदर्शन

लघु सचिवालय स्थित बाबा साहेब अम्बेडकर पार्क एकत्रित हुए कर्मचारी

हरिभूमि न्यूज ▸▸| फतेहाबाद

रिटायर्ड कर्मचारी संगठन द्वारा अपनी मांगों को लेकर लघु सचिवालय स्थित बाबा साहेब अम्बेडकर पार्क में अखिल भारतीय कर्मचारी संघ व ट्रेड यूनियनों के आह्वान पर धरना दिया गया। धरने की अध्यक्षता रिटायर्ड कर्मचारी संघ के प्रधान मुन्शी राम कम्बोज व रणधीर सिंह डबास ने की। धरने का संचालन जिला सचिव सुभाष चन्द्र चौहान व पूर्व डीपीआरओ आत्माराम ने किया। धरने के दौरान रिटायर्ड कर्मचारियों ने सरकार द्वारा पारित किए गए काले कानून का विरोध करते हुए जमकर नारेबाजी की। धरने को संबोधित करते हुए जिला प्रधान मुंशीराम कम्बोज ने मांग की कि 21 नवंबर को लागू किए गए मजदूर विरोधी चारों लेबर कोड्स, कर्मचारी व मजदूर विरोधी कानून वापस लिए जाएं। न्यूनतम वेतन 26 हजार रुपये लागू हो। सार्वजनिक व सरकारी क्षेत्रों, बैंक-बीमा आदि में निजीकरण पर रोक लगाई जाए। हरियाणा कौशल रोजगार निगम के कर्मचारियों सहित सभी प्रकार के अस्थाई कर्मचारियों को पक्का किया जाए। कम्युटेशन की गई पेंशन राशि 15 साल की बजाय 11 वर्ष तक ही काटी जाए। ठेका प्रथा खत्म हो और समान काम-समान वेतन लागू किया जाए। कर्मचारियों की पुरानी पेंशन बहाल हो। डीआरडीए कर्मचारियों को पेंशन लागू की जाए। फैमिली पेंशनर्ज को एलटीसी सुविधा लागू की जाए। सरकारी विभागों के सभी खाली पद तुरंत भरे जाए। 60 वर्ष की आयु उपरांत पेंशनर्ज के लिए रेल यात्रा में रियायती सुविधा पुनः लागू की जाए।




**फतेहाबाद।** डीसी कार्यालय पर मांगों को लेकर प्रदर्शन करते रिटायर्ड कर्मचारी। फोटो : हरिभूमि

### ये रहे मौजूद


प्रदर्शन में गजे सिंह, चन्द्रभान चोपड़ा, ओमप्रकाश ढाका, बलवंत सिंह नोखवाल, हरीचंद कम्बोज, मदनगोपाल नारंग, कैलाश प्रसाद, प्रेमचंद भूना, शीशपाल कानूनगो, दयानंद पहलवान, राजकुमार दहिया, जोत सिंह, केवल कृष्ण कम्बोज, सूरजभान शीला, विरेन्द्र कुमार बिश्नोई, ओमप्रकाश बिश्नोई आदि मौजूद रहे।

### अज्ञात वाहन की टक्कर सरपंच के भतीजे की मौत, दी शिकायत

**भूना।** गांव जांडली खुर्द के पास भूना रोड पर गुरुवार को हुए सड़क हादसे में युवक की दर्दनाक मौत हो गई। मृतक की पहचान जांडली खुर्द के 32 वर्षीय रणवीर सिंह के रूप में हुई है, जो गांव के सरपंच बलवंत सिंह पूनिया का भतीजा था। हादसा उस समय हुआ जब फतेहाबाद-भूना सड़क अज्ञात तेज रफ्तार वाहन ने उसकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। दुर्घटना की सूचना पर भूना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए फतेहाबाद सिविल अस्पताल भेजा गया।सरपंच बलवंत सिंह पूनिया ने बताया कि रणवीर सिंह मनरेगा के अंतर्गत विभिन्न कार्यों में लगे हुए थे और गुरुवार सुबह वह गांव से भूना स्थित बीडीपीओ कार्यालय के लिए निकला था। गांव से थोड़ी दूरी पर पहुंचते ही सामने से आई कार ने उसकी बाइक को टक्कर मार दी, जिससे वह सड़क पर बुरी तरह गिर पड़ा। टक्कर इतनी तेज थी कि उसकी दोनों टांगे क्षतिग्रस्त होकर पूरी तरह मुड़ गईं। हादसे के बाद मार्ग से गुजर रहे लोगों ने तुरंत सरपंच और पुलिस को सूचना दी।प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार टक्कर मारने के बाद अज्ञात वाहन चालक मौके से फरार हो गया। वाहन के नंबर की जांच पड़ताल के बाद पुलिस ने आरोपी की तलाश शुरू कर दी है। स्थानीय लोगों ने बताया कि सड़क पर हादसा देखकर आसपास के लोग इकट्ठा हो गए और कुछ देर तक वहां अफरा-तफरी का माहौल रहा।गांव में युवक की अचानक मौत से शोक की लहर है। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है और ग्रामीणों ने प्रशासन से आरोपी चालक के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है।



मृतक रणवीर सिंह की फाइल फोटो



जानकारी

शिखर चंद जैन

# दुनिया के ऊंचे-ऊंचे खूबसूरत पर्वत-शिखर

बच्चो, पहाड़ यानी माउंटेन हमारी पृथ्वी पर मौजूद विशाल, प्राकृतिक रूप से उठी हुई भौगोलिक संरचना होती है। ये हजारों लाखों साल से स्थिर खड़े हैं। दुनिया में एक से बढ़कर एक ऊंचे और खूबसूरत पहाड़ मौजूद हैं। जानो ऐसे ही कुछ खूबसूरत-ऊंचे पहाड़ों और पर्वत चोटियों के बारे में।


बच्चो, आसमान को चूमते, बादलों को सहलाते हुए से ऊंचे-ऊंचे पहाड़ बहुत खूबसूरत ही नहीं आश्चर्यजनक भी लगते हैं। इनके बर्फीले शिखर, हरी-भरी वादियों से सजी चढ़ाई और बेशुमार पेड़-पौधों से ढंकी घाटियां, हर किसी का मन मोह लेती हैं। यहां तुम्हें दुनिया के कुछ खूबसूरत-ऊंचे पर्वत शिखरों के बारे में बता रहे हैं।

**सर्वोच्च पर्वत शिखर माउंट एवरेस्ट, हिमालयः** माउंट एवरेस्ट दुनिया का सबसे ऊंचा पर्वत शिखर है। इसकी ऊंचाई लगभग 8,848.86 मीटर (29,031.7 फीट) है। नेपाल और चीन की सीमा पर स्थित हिमालय के इस पर्वत शिखर को 'पृथ्वी का तीसरा ध्रुव' भी कहा जाता है। माउंट एवरेस्ट हिमालय पर्वत श्रृंखला का हिस्सा है। इसे नेपाली में 'सागरमाथा' कहते हैं, जिसका अर्थ 'आकाश की देवी' है। तिब्बती भाषा में इसे 'चोमोलुंगमा' नाम से पुकारा जाता है, जिसका अर्थ है 'विश्व की देवी मां'। इसकी बर्फ से ढंकी चोटियां सूरज की रोशनी में जब चमकती हैं तो दूर से देखने पर किसी रत्नजड़ित सफेद मुकुट-सी दिखती हैं। अपनी ऊंचाई और खूबसूरती के कारण माउंट एवरेस्ट पर्यटकों और पर्वतारोहियों के आकर्षण का केंद्र हमेशा से रहा है।



आसान नहीं के2-गॉडविन ऑस्टेन पर चढ़ाई करना

**खतरनाक चढ़ाई वाला के2-गॉडविन ऑस्टेन, काराकोरमः** पाकिस्तान और चीन की सीमा पर स्थित के2 दुनिया की दूसरी सबसे ऊंची पर्वत चोटी है। इसकी ऊंचाई लगभग 8,611 मीटर (28,251 फीट) है। यह अपनी सुंदरता के लिए जितना जाना जाता है, उतना ही अपनी खतरनाक चढ़ाई के लिए भी। इसे 'सेवेज माउंटेन' भी कहा जाता है। के2 की चोटी एक पिरामिड जैसी दिखती है और यह काराकोरम रेंज में स्थित है। इसके चारों ओर ग्लेशियर और बंजर जमीन का नजारा इसे दुनिया के अन्य पर्वत श्रृंखलाओं से अलग रूप प्रदान करता है। पाकिस्तान में विशाल बाल्टोरो ग्लेशियर पर चढ़कर इसके आधार तक पहुंचने के क्रम में यह कई मील दूर से दिखाई देता है। जैसे-जैसे पर्वतारोही इसके करीब पहुंचते हैं, यह पर्वत और भी अद्भुत और खूबसूरत नजर आता है।



भारत की सर्वोच्च और दुनिया की तीसरी सबसे ऊंची पर्वत चोटी कंचनजंगा

**भारत की सर्वोच्च पर्वत चोटी कंचनजंगा, हिमालयः** भारत और नेपाल की सीमा पर स्थित कंचनजंगा भारत की सबसे ऊंची पर्वत चोटी और दुनिया की तीसरी सबसे ऊंची चोटी है। इसकी ऊंचाई लगभग 8,586 मीटर (28,169 फीट) है। इसका नाम तिब्बती मूल के चार शब्दों 'कांग-चेन-जो-नगा' से मिलकर बना है, जिसका अर्थ है 'महान हिम की पांच निधियां।' ऐसा माना जाता है कि इसमें सोना, चांदी, रत्न, अनाज और पवित्र पुस्तकें छिपी हुई हैं। यह पहाड़ अपनी बदलती रंगत के लिए जाना जाता है, सुबह और शाम के समय, सूरज की किरणें इसकी चोटियों को गुलाबी, नारंगी और सुनहरे रंगों से रंग देती हैं, जो देखने में बहुत ही जादुई लगता है।



अत्यधिक खूबसूरत नजर आता है मैटरहॉर्न

**पिरामिड जैसा पहाड़ मैटरहॉर्न, आल्प्सः** स्विट्जरलैंड और इटली की सीमा पर स्थित मैटरहॉर्न, आल्प्स पर्वत का एक हिस्सा है। इसकी ऊंचाई लगभग 4,478 मीटर (14,692 फीट) है। इसकी चोटी एक नुकीले पिरामिड की तरह दिखती है, बिल्कुल वैसा ही जैसा तुम बच्चे ड्रॉइंग में माउंटेन बनाते हो। इसकी आकृति चारों तरफ से पिरामिड की तरह ही दिखती है, जो इसे और भी अट्रैक्टिव बनाता है। स्विट्जरलैंड के जर्मेट गांव से अगर इस पहाड़ को देखा जाए तो इसका नजारा किसी पहाड़ की पेंटिंग जैसा खूबसूरत लगता है। इसकी खूबसूरती को देखने दुनिया भर के पर्यटक और प्रकृतिप्रेमी इसके करीब आते हैं।



अफ्रीका का सर्वोच्च पर्वत किलिमंजारो

**सुप्त ज्वालामुखी पर्वत किलिमंजारोः** तंजानिया में स्थित किलिमंजारो की ऊंचाई लगभग 5,895 मीटर (19,341 फीट) है। यह अफ्रीका का सबसे ऊंचा पर्वत है, जो वास्तव में एक विशाल सुप्त ज्वालामुखी है। इसकी चोटी पर हमेशा बर्फ जमी रहती है। यह अपनी चोटी पर मौजूद ग्लेशियरों के लिए प्रसिद्ध है, जबकि इसके चारों ओर गर्म अफ्रीकी मैदान हैं। हेलीकॉप्टर से किलिमंजारो के क्रेटर (ज्वालामुखी का मुंह) और ग्लेशियरों का नजारा बेहद खूबसूरत दिखता है। *



टियरगार्टन शॉनब्रुन जू, ऑस्ट्रिया

# कैसे होते थे दुनिया के शुरुआती चिड़ियाघर

बच्चो, जू यानी चिड़ियाघर एक ऐसी जगह होती है, जहां तुम एक ही बाउंड्री के भीतर तरह-तरह के एनिमल्स और बर्ड्स देख सकते हो। क्या तुम जानते हो कि दुनिया का पहला जू कैसा था या शुरुआती चिड़ियाघर कैसे होते थे?

रोचक

नयनतारा

बच्चो, अगर तुम्हें वाइल्ड लाइफ यानी जंगली जीव-जंतुओं को देखने, उनके बारे में जानने में इंटरेस्ट है तो तुम अपने शहर या आस-पास के किसी शहर में जू यानी चिड़ियाघर जरूर घूमने गए होगे। जू में तुम ऐसे अनेक जंगली और दुर्लभ जानवरों को एकदम सामने से देख सकते हो, जिन्हें तुमने किताबों में या टीवी पर देखा होगा। लेकिन क्या तुम जानते हो दुनिया में इस तरह जू बनाने की शुरुआत कब और किसने की थी? आओ इस बारे में जानते हैं।

**पहला जू था-इंटेलिजेंस पार्कः** बच्चो, लगभग 3000 साल पहले एक चीनी बादशाह अपने राज्य में एक स्थान पर कई तरह के जानवरों को रखता था, जिसे वह 'इंटेलिजेंस पार्क' कहता था। उस चीनी राजा के कलेक्शन में जीवित जानवर ही थे या मृत, इसका प्रमाण नहीं मिलता है। ज्यादातर लोगों का यही मानना है कि वह राजा, जानवरों का अध्ययन करने के लिए और उनकी आदतें जानने के लिए उनको पालता था। इस लिहाज से देखा जाए तो शायद वही संसार का पहला जू था। आज भी जू में वाइल्ड एनिमल्स, बर्ड्स व रेप्टाइल्स (रेंगने वाले जीव) रखे जाते हैं, ताकि लोग उन्हें देखें-जानें और वैज्ञानिक उनका अध्ययन कर सकें।

**मनोरंजन का साधन थे पर्सनल जूः** समय बीतने के साथ गांव और शहर बड़े होते गए तो कुछ लोग जंगली जानवरों का शिकार कर या उन्हें कैदकर अपने घरों में लाकर रखते थे। लोग जंगली जानवरों को अकसर अपने पास पालते थे ताकि दिखाया जा सके कि वह कितने रईस और शक्तिशाली हैं। ऐसे लोग कभी-कभार लोगों को परमिशन देते थे ताकि लोग आकर उनके जानवरों का कलेक्शन देख सकें।

**पब्लिक जू बनाने की शुरुआतः** यूरोप में 9वीं शताब्दी की शुरुआत से ही पब्लिक जू बनने लगे थे। अगले 700 से 800 वर्षों के दौरान संसार के बड़े शहरों में कई सारे पब्लिक जू का निर्माण किया गया। वैसे, ऑस्ट्रिया के वियना में स्थित टियरगार्टन शॉनब्रुन को दुनिया का पहला आधुनिक चिड़ियाघर माना जाता है। यूनेस्को के विश्व धरोहर सूची में शामिल यह चिड़ियाघर आज भी संचालित है। जहां तक संसार के सबसे बड़े और मशहूर चिड़ियाघरों की बात है तो इनमें टोरंटो जू (कनाडा), मॉस्को जू (रूस), सैन डिएगो जू (यूएसए), लंदन जू (इंग्लैंड), वेस्ट बर्लिन जू (जर्मनी) आदि शामिल हैं। *

तुम्हारे लिए नई किताब / विज्ञान भूषण

## समझदार बनाती कहानियां



बच्चो, हाल में बाल कहानियों की एक किताब 'बाल सभा पार्क एवं अन्य बाल कहानियां' छपकर आई है। इसमें कुल जमा 27 कहानियां हैं। ये कहानियां हैं तो छोटी लेकिन इसमें तुम्हें समझदार इंसान बनने के लिए सरल ढंग से कई बड़ी बातें सीखने को मिल सकती हैं। किताब की शीर्षक कहानी 'बाल सभा पार्क' में तुम पढ़ोगे कि कैसे समझदार बच्चा अनुभव, अपनी युक्ति से कॉलोनी के पार्क को साफ-सुथरा करके खेलने योग्य बना देता है। 'ऐसे उतरा रील का भूत' में टिंकू की रील बनाने की आदत कैसे छूटती है, यह पढ़ सकते हो तो 'इम्यूनिटी से मुलाकात' में तुम पढ़ोगे कि अवि को कैसे समझ में आता है कि इम्यूनिटी मजबूत बनाने के लिए क्या करना चाहिए? इसी तरह संग्रह की अन्य कहानियां पढ़कर तुमको यह भी महसूस होगा कि भले ही तुम अभी छोटे हो लेकिन अगर चाहो और सही दिशा में प्रयास करो तो बड़े बदलाव ला सकते हो। साथ ही दूसरों को भी ऐसा करने के लिए प्रेरित कर सकते हो। *

**किताब**: बाल सभा पार्क एवं अन्य बाल कहानियां, **लेखक**: शिखर चंद जैन, **मूल्य**: 300 रुपए, **प्रकाशक**: प्रखर गूंज पब्लिकेशन, दिल्ली

## बूझो तो जानें





1 घर की रखवाली करता है,
वफादार कहलाता।
है मशहूर नींद इसकी तो,
देखें कौन बताता।।

2 गोलमटोल मगर छोटा सिर,
रंग है हल्का पीला।
काले धब्बे दिखते तन पर,
लेकिन खूब सजीला।।

3 'मामा' कहकर इसे बुलाते,
रंग सुनहरा भूरा।
पेड़ों की डाली पर बैठा,
करता सबको घूरा।।

- डॉ. घमंडीलाल अग्रवाल

उत्तर: 1.कुत्ता, 2.चीता, 3.बंदर



## जीके क्विज-181

1. वर्ल्ड बॉक्सिंग चैंपियनशिप फाइनल में पहला स्वर्ण पदक किस भारतीय खिलाड़ी ने जीता?
2. मिस यूनिवर्स-2025 का खिताब किसने जीता?
3. एशियाई विकास बैंक का मुख्यालय किस देश में स्थित है?
4. बटरफ्लाई शब्द का संबंध किस खेल से है?
5. कौन-सा रंग रेनबो के बीच में दिखाई देता है?
6. जीवाणु (बैक्टीरिया) की खोज किसने की थी?
7. कंचनजंघा राष्ट्रीय उद्यान किस राज्य में स्थित है?
8. 'लोकनायक' के नाम से किसे जाना जाता है?
9. बल का मात्रक क्या है?
10. भारत का दक्षिणतम बिंदु किस नाम से जाना जाता है?



बच्चो, जीके क्विज-181 का उत्तर बालभूमि के अगले अंक में प्रकाशित किया जाएगा। सही जवाब देने वाले बच्चों के नाम भी प्रकाशित किए जाएंगे। तुम अपने जवाब हमें **balbhoomihb@gmail.com** पर मेल कर सकते हो।

**जीके क्विज-180 का उत्तर :** 1.डेविड स्जेले, 2.नई दिल्ली, 3.नीतीश कुमार, 4.लखनऊ, 5.लॉर्ड डलहौजी, 6.नारायण पंडित, 7.विटामिन-ए, 8.सूर्य, 9.इंफाल, 10.तमिलनाडु

**जीके क्विज-180 का सही उत्तर देने वाले :** कबीर-हिसार, ओमदेव-मुंगेली, मान्या-दिल्ली, रमेश-बैकुंठपुर, दीपक-ईमेल से, हितेश-रायपुर, सौरभ-बिलासपुर, आंचल-दुर्ग, रोहन-महेंद्रगढ़, अंकित-रोहतक, आकाश-राजनांदगांव




नन्हे-मुन्नों के लिए कहानी

पुष्पा अंताणी

टिंकू ने घर में टंगी एक तस्वीर में समंदर में चलने वाला पानी का जहाज देखा। उसका मन हुआ, वह समुद्री जहाज में बैठकर सैर करे। टिंकू ने तुरंत समुद्री जहाज की व्यवस्था की। उसने स्वयं तो सैर की ही, अपने खिलौनों को भी सैर कराई। बच्चो, है ना अजीब बात! टिंकू के घर में कहां से आ गया समुद्र और समुद्री जहाज?

# जहाज में सवारी



नन्हा-सा टिंकू अपनी मम्मी के पास बैठकर दूध पी रहा था। उसकी नजर दीवार पर टंगी एक तस्वीर पर पड़ी। दूध का घूंट पीते हुए उसने तस्वीर की ओर इशारा करते हुए पूछा, 'मम्मी, यह क्या है?'

'यह पानी का जहाज है।' मम्मी ने बताया। 'मम्मी, क्या पानी का जहाज समंदर में चलता है?' टिंकू ने पूछा।

'हां, बेटा।' मम्मी बोलीं।

'मुझे समंदर बहुत पसंद है, मम्मी। मुझे जहाज में बैठना है।' टिंकू मचलते हुए बोला। 'बेटा, तुम अभी बहुत छोटे हो, बड़े हो जाओ तब जहाज में बैठना।' मम्मी ने दूध का गिलास नीचे रखते हुए समझाया। 'मम्मी, क्या बड़ा होने में ज्यादा समय लगता है?' टिंकू ने नया सवाल किया। 'नहीं रे, तुम तो अच्छे बच्चे की तरह दूध पी लेते हो। तुम जल्दी बड़े हो जाओगे। अब जाओ, अपने खिलौनों से खेलो।' मम्मी टिंकू के गाल पर प्यार से चपत मारते हुए बोलीं। टिंकू ने प्लास्टिक की थैली से अपने सारे खिलौने बाहर निकाले। उसके पापा कल ही छोटे-छोटे खिलौने लाए थे। तोता, चिड़िया, बंदर, मोर, बाघ, जिराफ, गैंडा, शेर जैसे कई जानवर और पक्षी थे। टिंकू खुशी से अपने इन नए दोस्तों को देख रहा था। उसे लगा कि वे सब उसे कह रहे हैं, 'हमें जहाज में बैठना है।' सबका एक साथ शोर सुनाई दिया। टिंकू अपने कानों पर हाथ रखते हुए बोला, 'शांत हो जाओ सब! मैं तुम सबको जहाज में बिठाऊंगा।' तभी दादाजी सैर करके घर में आए। टिंकू उनके पास भागकर आया। दादाजी के हाथ में एक बड़ा कागज देते हुए बोला, 'दादाजी, इस कागज से मेरे लिए एक बड़ी-सी बोट बना दो ना! बहुत बड़ी बोट।' दादाजी बोट बनाने लगे। टिंकू बाथरूम में गया, वहां से एक टब ले आया। उसमें पानी भरा। दादाजी ने बोट बनाकर टिंकू को दे दी। टिंकू ने बोट अपने खिलौनों को दिखाई। 'देखो, यह है हमारा जहाज।' उसने खिलौनों को टब में भरा पानी दिखाया और बोला, 'यहां है समंदर... चलो, सब तैयार हो जाओ। मैं तुम सब को जहाज में घुमाने ले जाऊंगा। रास्ते में खाने के लिए नाश्ता भी ले आता हूं।'

टिंकू मम्मी के पास जाकर सेव, मुरमुरे, चॉकलेट, बिस्कुट, बेर वगैरह ले आया। सब कुछ नाश्ते के डिब्बे में रख दिया फिर बोट को टब के पानी में उतारा। उसमें सब खिलौने को अच्छी तरह से बैठा दिया। टिंकू अपनी एक अंगुली से कागज की बोट को हल्का-हल्का धक्का मारने लगा। टब के पानी में गोल-गोल घुमाने लगा। टिंकू को लगा कि उसके सब दोस्त बहुत खुश हैं, नाच रहे हैं। उसने टब को थोड़ा धक्का मारा। पानी थोड़ा उछला। खिलौने भी एक-दूसरे पर गिरे। टिंकू ने खिलौनों को सावधान किया, 'शरारत मत करो। अभी समंदर थोड़ा तूफानी है। सब अपनी जगह बैठे रहो।'

टिंकू को लगा कि उसकी बात सुनकर सब खिलौने जरूरत से ज्यादा शांत हो गए हैं। इसलिए वह बोला, 'अब डरने की कोई बात नहीं है। समंदर शांत हो गया है।' सब खुश हो गए। टिंकू ने बोट के छह-सात चक्कर लगाने के बाद उसे रोक दिया और बोला, 'तुम सबको भूख लगी होगी ना, चलो, थोड़ा नाश्ता खा लो।'

टिंकू ने सब खिलौने बोट से बाहर निकाले और बोला, 'संभल कर उतरना, किसी का पैर फिसला तो सीधे समंदर में गिरोगे। यहां समंदर काफी गहरा है।' टिंकू ने सभी खिलौने के सामने नाश्ता रखा। उसने भी नाश्ता किया। थोड़ी देर सब ने आराम किया। फिर टिंकू बोला, 'चलो, अब वापस लौटने का समय हो गया है।' सभी दोस्तों को फिर से बोट में बिठा दिया। बोट को उल्टी दिशा में चलाने लगा। थोड़े चक्कर लगाने के बाद वह बोला, 'वापस आ गए।' टिंकू ने देखा कि उसके सब दोस्त बहुत खुश हैं। हर कोई मानो उसे कह रहा हो, 'वाह, टिंकू भैया! जहाज में बैठने और घूमने में बड़ा मजा आया। आपका बहुत-बहुत धन्यवाद!'

टिंकू सारे खिलौनों को प्लास्टिक की थैली में वापस डालते हुए बोला, 'जब मैं बड़ा हो जाऊंगा, तब एक बड़े और सचमुच के जहाज में बैठूंगा और बड़े समंदर में घूमने जाऊंगा।' टिंकू आज बहुत खुश था। *

**गुजराती से अनुवादः सेतु अंताणी**

कविता / गिरिजा कुलश्रेष्ठ

## मोती ये कैसे हैं

बड़े सबेरे मुनियां रानी
मां को लगी जगाने।
देखो हरी घास पर बिखरे
मोती बड़े सुहाने।
मां ये मोती कितने सुंदर,
चमचम चमक रहे हैं।
सूरज की लाली में कैसे,
दमदम दमक रहे हैं।
रातों-रात भला किसने,
ये मोती यूं बिखराए।
इससे पहले कोई और
इन्हें चुनकर ले जाए,
मैं ही चुन लूं क्यों न इन्हें
मां, अपना हार बनाने,
गुड़िया को भी माला कंगन,
बना-बना पहनाने।
कुछ तुम भी अपनी चुनरी में
टांक सजा लेना मां,
जूड़े की पिन में ये मोती
खूब लगा लेना मां।
मुनियां मोती चुनने आई,
हंस कर और हुलस कर।
पर मोती कैसे थे जो,
छूते ही गिरे पिघल कर।



## रंग भरो-190

**रंग भरो-190** में दिए गए चित्र को तुम लोगों ने बहुत अच्छे से रंगकर हमें भेजा। उनमें से चुना गया सबसे अच्छा चित्र हम यहां प्रकाशित कर रहे हैं। उसे रंगकर भेजने वाले बच्चे के चित्र के साथ कुछ अन्य बच्चों के नाम और चित्र भी प्रकाशित कर रहे हैं।





रितेश, मटियारी



आशना, जांजगीर



भव्य, धमतरी



माही, महासमुंद



फरहान, धमतरी



काव्या, रायपुर

### इनके भी चित्र रहे प्रशंसनीय

आद्या-उमरिया, प्रियंका-रायपुर, प्रवीण-भोपाल, किंशुक-रोहतक, लोकेश-जबलपुर, नीरज-महासमुंद, यश-रायगढ़, खुशी-भिवानी, रोशन-जांजगीर, कविता-कटनी, हितेश-दिल्ली, राकेश-धमतरी, अंकित-गुना, तुषार-करनाल, अमन-बिलासपुर, आकाश-कोरबा

## रंग भरो 191





बच्चो, यहां पेंटिंग बना रही लड़की टीना का एक ब्लैक एंड व्हाइट चित्र दिया गया है। तुम इस चित्र को मनचाहे रंगों से रंग कर हमें भेजो। जिस बच्चे का चित्र सर्वश्रेष्ठ होगा, उसे हम बालभूमि में प्रकाशित करेंगे। चित्र के साथ अपनी फोटो, अपना और शहर का नाम हमें इस पते पर भेजो- संपादक - फीचर, हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सेंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली- 110035 या ई-मेल आईडी balbhoomi-hb@gmail.com पर मेल करो।

**खबर संक्षेप**

## चार दिवसीय जिला स्तरीय गीता महोत्सव आज से

**सिरसा।** अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव-2025 के तहत चार दिवसीय जिला स्तरीय गीता महोत्सव का 28 नवंबर को शुभारंभ होगा। सीडीएलयू में एक नवंबर तक आयोजित होने वाले महोत्सव के पहले दिन श्रीमद् भगवद् गीता पर आधारित सेमिनार का आयोजन होगा। इसके अलावा अन्य दिनों में आध्यात्मिक ऊर्जा के अद्भुत संगम से भरे इस महोत्सव में हवन यज्ञ, ज्ञानवर्धक प्रतियोगिताएं, गीता उद्बोधन, गीता शोकोच्चारण, सांस्कृतिक प्रस्तुतियां और गीता पर आधारित प्रदर्शनी के माध्यम से जन-जन तक गीता का अमृत संदेश पहुँचाया जाएगा। सेमिनार, गीता प्रदर्शनी और नगर शोभा यात्रा आयोजित होंगी, जो समाज में आध्यात्मिकता, कर्तव्य और जीवन मूल्यों को नए स्वरूप में प्रस्तुत करेंगी। अतिरिक्त उपायुक्त वीरेंद्र सहरावत ने बताया कि चार दिन तक चलने वाले जिला स्तरीय गीता महोत्सव के दौरान पहले दिन 28 नवंबर को चौ. देवीलाल विश्वविद्यालय के ऑडिटोरियम में गीता सेमिनार का आयोजन किया जाएगा, जिसमें गीता का जीवन में महत्व पर व्याख्यान दिए जाएंगे। शनिवार 29 नवंबर को चौ. देवीलाल विश्वविद्यालय के मल्टीपर्पज हॉल में गीता महोत्सव-2025 का शुभारंभ हवन व गीता पूजन के साथ किया जाएगा, जिसमें 23 विभागों द्वारा प्रदर्शनी लगाई जाएगी। साथ ही सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन होगा, जिसमें स्कूली बच्चों के अलावा लोक कलाकार भी अपनी प्रस्तुति देंगे।

- **पहले दिन सीडीएलयू में श्रीमद्भगवद् गीता पर आधारित सेमिनार का होगा आयोजन**

# डीसी के निर्देश : शिक्षा व खेल अधिकारी स्कूलों में खेल मैदानों की करें समीक्षा

## एसडीएम नाइट शैल्टरों का करें निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

अधिकारी बोर्ड की मासिक समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते हुए उपायुक्त डॉ. विवेक भारती ने सभी अधिकारियों को निर्देश दिए कि जन संवाद, सीएम विंडो, समाधान शिविर एवं अन्य माध्यमों से प्राप्त शिकायतों का समयबद्ध निपटारा किया जाए। उन्होंने कहा कि विभागीय फाइलों का कैटलॉग तैयार कर उन्हें सुव्यवस्थित रूप से संरक्षित किया जाए तथा जिन वस्तुओं को कंडम घोषित किया जाना आवश्यक है, उन्हें नियमानुसार निस्तारित करवाया जाए। कार्यालय परिसरों में साफ-सफाई एवं व्हाइट वॉश पर विशेष ध्यान देने के भी निर्देश दिए गए। उपायुक्त ने सभी एसडीएम को निर्देश दिए कि वे अपने-अपने क्षेत्र में नाइट शेल्टर का निरीक्षण करें व जनता को यह जानकारी दी जाए कि रात्रि विश्राम हेतु प्रशासन द्वारा कौन-कौन सी सुविधाएं उपलब्ध कराई गई हैं। यह प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल है, ताकि जरूरतमंद लोग सर्दी में रात्रि को आराम कर सकें। डीसी ने जिला परिषद को निर्देश दिए कि सेल्फ हेल्प ग्रुप द्वारा निर्मित उत्पादों की डिजिटल मार्केटिंग को बढ़ावा देने के लिए विशेष प्रयास किए जाएं, ताकि ग्रामीण महिलाएं आर्थिक रूप से मजबूत हो सकें और उनके उत्पादों को अधिक से अधिक बाजार उपलब्ध हो सके।



**फतेहाबाद।** अधिकारी बोर्ड की मासिक बैठक में विकास कार्यों की समीक्षा करते हुए उपायुक्त डॉ. विवेक भारती। फोटो : हरिभूमि

### दो सालों में 74 स्कूलों के 222 कमरें कंडम

उपायुक्त ने निर्देश दिए कि डी-प्लान के अंतर्गत आने वाले सभी विकास कार्य समय से शुरू किए जाएं तथा गुणवत्ता से समझौता न किया जाए। उपायुक्त ने सभी एसडीएम को निर्देश दिए कि वे अपने क्षेत्र में मिड-डे मील की सामग्री की गुणवत्ता का नियमित निरीक्षण करें। उन्होंने जन स्वास्थ्य विभाग को डाइट में पेयजल आपूर्ति से संबंधित समस्याओं का समाधान जल्द करने के निर्देश भी दिए। डीपीसी ने डीसी को अवगत कराया कि पिछले दो वर्षों में 74 स्कूलों के 222 कमरों को कंडम घोषित किया जा चुका है तथा इनसे संबंधित रिपोर्ट मुख्यालय को भेजी गई है। जिला परिषद सीईओ सुरेश कुमार ने बताया कि यदि किसी भी स्कूल में टॉयलेट निर्माण की आवश्यकता हो तो तुरंत सूचना भेजी जाए।

### हर ब्लाक में हो एंटी स्मॉग मशीन

उपायुक्त ने प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के अधिकारियों को निर्देश दिए कि जिला के हर ब्लॉक में एंटी स्मॉग मशीन की उपलब्धतता सुनिश्चित की जाए। डीसी ने एलडीएम को निर्देश दिए कि खजूरी जाटी में बैंक की शाखा खोलने संबंधी आवेदन पर जल्द निर्णय लिया जाए। उपायुक्त ने डीईटीसी को गांव खजूरी जाटी में शराब का ठेका हटाने संबंधी शिकायत पर जांच कर आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए। बैठक में रोडवेज टीएम सुरेंद्र सिंह ने बताया कि पीडब्ल्यूडी विभाग द्वारा टोहाना का नया बस स्टैंड तैयार कर लिया गया है तथा उद्घाटन के लिए मुख्यालय को सूचित किया जा चुका है। जिले में 97 प्रतिशत पात्र नागरिकों को हैप्पी कार्ड वितरित किए जा चुके हैं और सभी बस स्टैंडों पर पीने के पानी की सुविधा उपलब्ध है।

उपायुक्त ने जिला शिक्षा अधिकारी और जिला खेल अधिकारी को निर्देश दिए कि जिले में स्थित सभी स्कूलों में स्टेडियम व खेल मैदानों की स्थिति की समीक्षा की जाए। किसी भी प्रकार की टूट-फूट या अव्यवस्था मिलने पर तुरंत मरम्मत कार्य करवाया जाए।

## सुरक्षित स्कूल वाहन पॉलिसी के तहत सभी स्कूल बसों की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

- **सभी स्कूल बसों की 100 प्रतिशत चेकिंग सुनिश्चित की जाए**

जिला सडक़ सुरक्षा एवं सुरक्षित स्कूल वाहन पॉलिसी की मासिक बैठक की अध्यक्षता करते हुए उपायुक्त डॉ. विवेक भारती ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सुरक्षित स्कूल वाहन पॉलिसी के अंतर्गत जिले की सभी स्कूल बसों की 100 प्रतिशत चेकिंग सुनिश्चित की जाए। उन्होंने निर्देश दिए कि स्कूल बसों में किसी भी प्रकार की कमी बर्दाश्त नहीं की जाएगी तथा सुरक्षा मानकों का पूर्ण अनुपालन अनिवार्य रूप से किया जाए। उपायुक्त ने निर्देश दिए कि म्हारी सडक़ एप पर आने वाली शिकायतों का निस्तारण प्राथमिकता से किया जाए तथा 10 दिनों के भीतर सभी शिकायतों का समाधान सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने रोड संबंधित विभागों को निर्देश दिया कि लापरवाही पाए जाने पर जिम्मेदारी तय की जाएगी। डीसी ने सभी रोड एजेंसियों को निर्देश दिए कि स्कूलों के आसपास सडक़ सुरक्षा से जुड़े सभी प्रावधान जैसे साइनेज, स्पीड ब्रेकर, रिफ्लेक्टिव मार्किंग आदि यथाशीघ्र लगाए जाएं। संबंधित रोड विभाग अपनी डिटेल्ड रिपोर्ट 10 दिवस में उपायुक्त कार्यालय में जमा करवाए।

### नियमों के उल्लंघन पर करें कार्रवाई

उपायुक्त ने पुलिस विभाग को निर्देश दिए कि बिना हेलमेट, बिना सीट बेल्ट व ओवरस्पीड ड्राइविंग पर सख्त कार्रवाई की जाए तथा चालान काटकर लोगों को यातायात नियमों के पालन के प्रति जागरूक किया जाए। बैठक में एनएचएआई के अधिकारियों ने उपायुक्त को अवगत कराया कि राष्ट्रीय राजमार्ग पर अवैध कट बंद कर दिए गए हैं तथा शहर के प्रमुख एंट्री व एग्जिट प्वाइंट पर स्ट्रीट लाइट लगाने का एस्टीमेट मुख्यालय को भेज दिया गया है। डीसी ने अधिकारियों को पेंडिंग एजेंडा व समाचार पत्रों में प्रकाशित सडक सुरक्षा संबंधी खबरों पर तुरंत संज्ञान लेकर आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश भी दिए। बैठक में एडीसी अनुराग ढालिया, एसडीएम आकाश शर्मा, सुरेंद्र सिंह, राजेश कुमार, आरटीए सचिव संजय बिश्नोई, जिप सीईओ सुरेश कुमार, सीटीएम गौरव गुप्ता, डीएसपी कुलवंत सिंह, डीडीपीओ अनूप सिंह, डीईओ संगीता बिश्नोई सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

## दो दिवसीय भारतीय भाषा परिवार सम्मेलन दो से

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा

- **2 से 3 दिसंबर 2025 को टैगोर भवन एक्सटेंशन में किया जाएगा**

चौधरी देवीलाल विश्वविद्यालय के मानविकी संकाय द्वारा भारतीय भाषाओं की एकता, संरचना और सांस्कृतिक विरासत पर केंद्रित दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी भारतीय भाषा परिवार सम्मेलन का आयोजन आगामी 2 से 3 दिसंबर 2025 को टैगोर भवन एक्सटेंशन में किया जाएगा। मानविकी संकाय के डीन प्रो. पंकज शर्मा ने बताया कि कुलगुरु प्रो. विजय कुमार के दिशा निर्देशन में इस सेमिनार का आयोजन हिंदी, पंजाबी संस्कृत तथा अंग्रेजी एवं विदेशी भाषा विभाग मिल कर, मानविकी संकाय के तत्वाधान में किया जा रहा है। इसके कोऑर्डिनेटर प्रो. उमेद सिंह होंगे, जबकि भारतीय भाषा समिति के एकेडमिक कोऑर्डिनेटर प्रो. सुशील के शर्मा इस सम्मेलन के राष्ट्रीय संयोजक होंगे तथा अंग्रेजी एंड फॉरेन लैंग्वेजेज विभाग की प्रो. अनु शुक्ला स्थानीय संयोजक होंगी। उन्होंने बताया कि इस दो दिवसीय सम्मेलन का उद्देश्य भारतीय भाषाओं के बीच अंतर्संबंध, भाषाई एकता तथा भारतीय ज्ञान परंपरा को नए दृष्टिकोण से स्थापित करना है। सम्मेलन में विशेष रूप से दो महत्वपूर्ण शोधग्रंथों भारतीय भाषा परिवार, ए न्यू फ्रेमवर्क इन लिंग्विस्टिक्स तथा कॉलेक्टेड स्टडीज ऑन भारतीय भाषा परिवार, पर्सपेक्टिव्स एंड हॉरिजेंस पर व्यापक विमर्श होगा। उन्होंने कहा कि यह सम्मेलन भारतीय भाषाओं के माध्यम से राष्ट्रीय एकता, मातृभाषा-आधारित बहुभाषी शिक्षा, भाषाई समानताओं, अनुवाद अध्ययन, डिजिटल ह्यूमेनिटीज़ और भाषा नीति जैसे महत्वपूर्ण मुद्दों पर गहन अकादमिक चर्चा का मंच प्रदान करेगा।

### देशभर के शिक्षक व शोधकर्ता लेंगे भाग

उन्होंने कहा कि सम्मेलन में देशभर के भाषाविद, शिक्षाविद, शोधकर्ता, अनुवाद विशेषज्ञ, संज्ञानात्मक विज्ञान एवं मानवशास्त्र के विद्वान, सांस्कृतिक संस्थानों के प्रतिनिधि तथा भारतीय भाषाओं में अध्ययनरत विद्यार्थी भाग लेंगे। सम्मेलन में शिक्षकों, शोधार्थियों और स्वतंत्र विद्वानों से संबंधित विषयों पर मौलिक शोध-पत्र भी आमंत्रित किए गए हैं, जिनकी प्रस्तुति अंग्रेजी, हिंदी, पंजाबी और संस्कृत में की जा सकेगी। कार्यक्रम में पंजीकरण पूर्णतः निःशुल्क रखा गया है और प्रतिभागी गूगल फ्रॉर्म के माध्यम से या कार्यक्रम स्थल पर सीधे पंजीकरण कर सकेंगे। सभी प्रतिभागियों को प्रमाण-पत्र प्रदान किए जाएंगे। सम्मेलन से प्राप्त होने वाले निष्कर्षों में भारतीय भाषा परिवार पर आधारित शोध का प्रचार-प्रसार, विशेषज्ञ चर्चाओं के संकलित विश्लेषण तैयार करना, अंतर्विषयी शोध-सहयोग का विस्तार और भारतीय भाषाओं के वैज्ञानिक तथा सांस्कृतिक पक्षों को राष्ट्रीय स्तर पर नई गति प्रदान करना शामिल है।

### खेत से सोलर पंप का कंट्रोलर चोरी

**सिरसा।** गोरीवाला के गांव मुन्नावाली में एक किसान के खेत से सोलर पंप का कंट्रोलर और अन्य सामान चोरी हो गया। पुलिस को दी शिकायत में किसान राय साहब ने बताया कि उसके खेत में डिग्गी के ऊपर सोलर पंप लगा हुआ था। अज्ञात चोर रात के समय मोटरसाइकिल पर सवार होकर आए और सोलर पंप के नीचे लगे बक्से का ताला तोड़ दिया। चोर बॉक्स में रखा कंट्रोलर और अन्य उपकरण चुराकर फरार हो गए। सुबह जब किसान राय साहब अपने खेत पहुंचे, तो उन्होंने देखा कि कंट्रोलर के बॉक्स का ताला टूटा हुआ था और उसमें से सोलर पंप का कंट्रोलर गायब था। मौके पर केवल सोलर पंप की प्लेटें बची थीं, जबकि अन्य सामान चोर ले गए थे। किसान ने अपने स्तर पर मामले की जांच करने का प्रयास किया।

## मां पद्मावती की मूर्ति स्थापना को हुआ पूजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा

- **भूमि पूजन कार्यक्रम संजय गांधी महाराज की देखरेख में संपन्न**

डबवाली रोड स्थित मां पद्मावती धाम में गुरूवार को माता की नई प्रतिमा स्थापित करने के लिए मंत्रोचारण के साथ विधि विधान से भूमि पूजन कार्यक्रम हुआ, जिसमें समाजसेवी ललित जैन ने सपरिवार शिरकत की। भूमि पूजन कार्यक्रम संजय गांधी महाराज की देखरेख में संपन्न हुआ। ललित जैन ने बताया कि दक्षिण भारत से माता की 24 भुजाओं वाली प्रतिमा तैयार कर मंगवाई गई है। इस प्रतिमा को एक ही काले रंग के पत्थर से तराशा गया है। उन्होंने समाज के लोगों से भी आह्वान किया कि वे प्रत्येक दिन माता की अराधना करें।

उन्होंने प्राचीन काल का उदाहरण देते हुए बताया कि प्राचीन समय में मुनि माता के प्रति श्रद्धा कम रखते थे, लेकिन धीरे-धीरे माता के चमत्कारों को देखते हुए उन्होंने मां पद्मावती की श्रद्धाभाव से पूजा अर्चना शुरू की। आज कलयुग में तमाम संत महात्मा माता पद्मावती के चमत्कारों को मानते हैं और माता की मन से पूजा करते हैं। उन्होंने बताया कि विभिन्न प्रदेशों से लोग यहां आर मन्नत मांगते हैं। उन्होंने कहा कि मान्यता है कि सच्चे मन से की गई अराधना से मनोकामना अवश्य पूरी होती है। माता की आरती के बाद सभी को प्रसाद वितरित किया गया। इस मौके पर मानकचंद जैन, रवि गर्ग, प्रेम सरावगी, भूषण सरावगी, नवीन सरावगी, नरसिंह बांसल, लक्की बांसल, राजकुमार, राजदेवी, कमलादेवी आदि गणमान्य मौजूद थे।

## युवा ग्राम संसद कार्यक्रम का किया आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा

- **छात्रों को युवा ग्राम संसद की अवधारणा को बताया**

पीएम श्री स्कूल राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय पन्नीवाला मोटा में युवा जागरूकता और नेतृत्व क्षमता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से युवा ग्राम संसद कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम का नेतृत्व राजनीति विज्ञान के प्रवक्ता कमलदीप सिंह ने किया जिसमें विद्यालय इंचार्ज अंजू देवी, शिक्षक एवं विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। छात्रों को युवा ग्राम संसद की अवधारणा, ग्रामीण विकास में युवा शक्ति की भूमिका तथा लोकतांत्रिक प्रक्रिया में सक्रिय भागीदारी के महत्व के बारे में बताया गया। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय स्तर की ग्राम युवा पंचायत का गठन किया गया, जिसमें छात्रों ने सरपंच, पंच, ग्राम सचिव, स्वास्थ्य मंत्री, शिक्षा मंत्री, पर्यावरण मंत्री, खेल मंत्री तथा अन्य महत्वपूर्ण पदों की भूमिका निभाई। प्रत्येक छात्र प्रतिनिधि ने अपने-अपने विभाग से संबंधित समस्याएं और समाधान विद्यालय समुदाय के समक्ष प्रस्तुत किए। चर्चा में स्वच्छता, जल संरक्षण, डिजिटल शिक्षा, खेल सुविधाओं में सुधार, नशा-मुक्ति जागरूकता और पर्यावरण संरक्षण जैसे महत्वपूर्ण मुद्दे शामिल रहे।

विद्यार्थियों ने योजनाएं बनाईं तथा विद्यालय परिसर और गांव स्तर पर सुधार के सुझाव दिए। इस अभ्यास से छात्रों में आत्मविश्वास, जिम्मेदारी और लोकतांत्रिक मूल्यों के प्रति समझ विकसित हुई। निर्णायक मंडल की भूमिका सुरेश कुमार प्रवक्ता राजनीति विज्ञान व हरपाल सिंह प्रवक्ता राजनीति विज्ञान ने निभाई। प्रवक्ता कमलदीप सिंह ने सभी प्रतिभागियों की सराहना की और कहा कि युवा ग्राम संसद जैसी गतिविधियां छात्रों को भविष्य के जिम्मेदार नागरिक बनने की दिशा में प्रेरित करती हैं। सरपंच की भूमिका में ईशु रानी ग्राम सचिव की भूमिका में तमन्ना व कृषि विभाग अधिकारी की भूमिका में नव्या ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

## खाद्य तेलों के दाम में वृद्धि से बिगड़ रहा है रसोई का बजटः सैलजा

- **बढ़ रही महंगायी ने लोगों की कमर तोड़कर रख दी है**

**सिरसा।** सिरसा की सांसद कुमारी सैलजा ने देशभर में खाद्य तेलों के दाम पिछले कई महीनों से लगातार बढ़ रहे हैं, जिसके कारण आम उपभोक्ता की रसोई का खर्च काफी बढ़ गया है। सरसों, सूरजमुखी, पाम और रिफाइंड तेलों की कीमतों में 15-20 रुपये तक की वृद्धि ने गरीब और मध्यमवर्गीय परिवारों की आर्थिक स्थिति कमजोर कर दी है। कुमारी सैलजा ने कहा कि कहा कि जनता को राहत देना सरकार की जिम्मेदारी है, न कि उनकी मुश्किलें बढ़ाना। हरियाणा के लोगों की आवाज़ बनकर वह इस मुद्दे को संसद और राज्य दोनों स्तरों पर मजबूती से उठाएंगी। मीडिया को जारी बयान में सांसद कुमारी ने कहा कि भाजपा की केंद्र और राज्य सरकार आम जनता को परेशान करने का कोई मौका नहीं छोडऩा चाहती है। एक ओर सरकार दावा कर रही है कि महंगाई कम हो रही है जबकि महंगाई के चलते रसोई का बजट बिगड़ चुका है। गरीबों के हितों की बात करने वाली प्रदेश की भाजपा सरकार द्वारा बीपीएल परिवारों को मिलने वाले सब्सिडी वाले सरसों तेलों की कीमत में भारी बढ़ोतरी कर दी है। अब एक लीटर सरसों तेल के दाम 30 रुपये वसूले जाते है जबकि दो लीटर तेल के दाम 100 रुपये लिये जा रहे है।

## गोशाला कमेटी ने शिवलिंग हटाने में की जल्दबाजीः भवानी शंकर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा

- **धरना-प्रदर्शन कर शिवपुरी प्रबंधन पर आरोप लगाए**

श्री गौशाला परिसर में प्राचीन शिव मंदिर में लगे शिवलिंग को हटाने के विरोध में श्रद्धालुओं द्वारा दिया जा रहा धरना वीरवार को पांचवें दिन भी जारी रहा। शिव मंदिर बनाने वाले परिवार के सदस्यों ने भगवान शिव के अन्य श्रद्धालुओं के साथ शिवपुरी प्रांगण में धरना दिया व शिवपुरी प्रबंधन पर आरोप लगाए। मंदिर बनाने वाले परिवार के सदस्य भवानी शंकर ने कहा कि कुछ लोग अपने निजी स्वार्थों और नाम चमकाने के लिए भगवान के नाम पर भी राजनीति कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा एक बार हो जाए तो उसे यूं ही आधे घंटे में नहीं उखाड़ सकते। शास्त्रों में हर चीज का विधिविधान तय है। उन्होंने कहा कि गौशाला कमेटी को शिवलिंग हटाने की क्या जल्दबाजी थी? अब इन्होंने जो शिवलिंग विराजित किया है, उसे यह स्ट्रक्चर कह रहे हैं। उन्होंने कहा कि गौशाला कमेटी वाले यह कह रहे हैं कि उन्होंने कुछ गलत नहीं किया। भवानी शंकर ने वेद शास्त्रों का ज्ञान रखने वाले विद्वानों से भी अपनी राय रखने के लिए आग्रह किया है। गुरुवार को धरने में पूर्व पार्षद सुशील सैनी, भवानी शंकर, चंद्रप्रकाश साहुवाला, संजय अग्रवाल, भंवरलाल जोशी, बलदेव सैनी, राजकुमार साहुवाला, जयप्रकाश साहुवाला सहित अनेक श्रद्धालु शामिल हुए।

## ट्रस्ट ने स्कूली बच्चों को वितरित की जर्सियां

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा

- **गुरु तेग बहादुर जी की शहादत को किया नमन**

बाबा सरसाईनाथ सेवा ट्रस्ट द्वारा गुरु तेग बहादुर के 350वें बलिदान दिवस पर लघु सचिवालय स्थित प्राइमरी स्कूल में सर्दियों के मौसम को देखते हुए स्कूली बच्चों को जर्सियां वितरित की गई। कार्यक्रम में बतौर मुख्यातिथि चौधरी देवीलाल विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. विजय कुमार ने शिरकत की। प्रो. विजय कुमार ने कहा कि गुरु तेग बहादुर जी की शहादत को हम केवल एक ऐतिहासिक घटना के रूप में नहीं देख सकते। उनकी शहादत और बलिदान आज भी हमें सिखाते हैं कि हम अपनी आस्थाओं, मान्यताओं और मानवाधिकारों की रक्षा के लिए हमेशा खड़े रहें। उन्होंने कहा कि बाबा सरसाईनाथ सेवा ट्रस्ट द्वारा प्रधान रविंद्र सैनी की अध्यक्षता में संत महापुरूषों की याद में लगातार कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं, जोकि प्रशंसनीय हैं। इस मौके पर ट्रस्ट के सदस्य डॉ. सुमित सैनी व नरेंद्र रावत ने संयुक्त रूप से बताया कि समाजसेवा के क्षेत्र में ट्रस्ट द्वारा पौधारोपण, रक्तदान शिविर, सफाई अभियान, जरूरतमंद बच्चों को स्टेशनरी, जूते व जुराबों का वितरण किया जा रहा है। ट्रस्ट के प्रधान रविंद्र सैनी ने बताया कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी द्वारा एक पेड़ मां के नाम अभियान शुरू किया गया था, जिसके तहत संस्था की ओर से शहर के विभिन्न स्थानों पर 1100 पौधे लगाए गए। यही नहीं पौधों की सार-संभाल भी संस्था सदस्यों द्वारा बखूबी की जा रही है। स्कूल स्टाफ ने बच्चों को जर्सियां वितरित करने के लिए संस्था का आभार व्यक्त किया। इस मौके पर समाजसेवी रणजीत सिंह टक्कर, निजी सचिव धर्मवीर, अध्यापक अनिल बेनीवाल, अध्यापिका सुनीता, बसंता देव सहित अन्य स्टाफ व संस्था सदस्य उपस्थित थे।



सिरसा। कुलपति बच्चों को जर्सियां वितरित करते हुए। फोटो : हरिभूमि

## ढाणियों में बिजली कनेक्शन के लिए 1.07 करोड़ मंजूर करवाएः दिग्विजय चौटाला

**सिरसा।** जननायक जनता पार्टी के युवा प्रदेशाध्यक्ष दिग्विजय सिंह चौटाला ने डबवाली हलके के तहत आती विभिन्न ढाणियों में बिजली कनेक्शन जारी करने के लिए 1.07 करोड़ रुपए की राशि जारी करवाई है। ये राशि उन्होंने राज्यसभा सदस्य कार्तिकेय शर्मा के जरिए एमपीलैड से मंजूर करवाई है। उल्लेखनीय है कि युवा जेजेपी प्रदेशाध्यक्ष दिग्विजय सिंह चौटाला ने डबवाली हलके के तहत आती ढाणियों के लोगों से वायदा किया था कि वे जल्द ही उनकी ढाणियों में बिजली कनेक्शन दिलवाएंगे और अब उन्होंने इस दिशा में अपना वायदा निभाया है। वहीं दिग्विजय सिंह चौटाला ने कहा कि डबवाली हलका उनका परिवार है और यहां के 40 हजार मतदाताओं से किए गए एक एक वायदे को वे पूरी तन्मयता से निभाएंगे। उन्होंने बताया कि राशि जारी होने के बाद अब जल्द ही ढाणियों में बिजली कनेक्शन देने के लिए टेंडर प्रक्रिया आरंभ कर दी जाएगी।

**जागरूकता** साइबर अपराधों से बचाव हेतु एसपी ने जारी की साइबर एडवाइजरी

## छोटी-सी लापरवाही भी किसी बड़े साइबर अपराध का बन सकती है कारण : एसपी

फतेहाबाद पुलिस द्वारा लगातार एक विशेष साइबर सुरक्षा जागरूकता अभियान चलाया जा रहा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

पुलिस अधीक्षक सिद्धांत जैन ने जिलेवासियों को साइबर अपराधों से बचाव हेतु एक महत्वपूर्ण पुलिस एडवाइजरी जारी की है। डिजिटल युग में जहां इंटरनेट लोगों को असीमित सुविधाएं प्रदान कर रहा है, वहीं इसके साथ साइबर अपराधों का खतरा भी तेजी से बढ़ रहा है। इन बढ़ते जोखिमों को ध्यान में रखते हुए फतेहाबाद पुलिस द्वारा लगातार एक विशेष साइबर सुरक्षा जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है, जिसने जिले के नागरिकों में डिजिटल सुरक्षा के प्रति नई चेतना जगाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। एसपी सिद्धांत जैन ने बताया कि आज जीवन के लगभग हर क्षेत्र नौकरी, शिक्षा, बैंकिंग और सोशल मीडिया का संचालन मोबाइल और कंप्यूटर तकनीक पर आधारित हो चुका है। ऐसे में छोटी-सी लापरवाही भी किसी बड़े साइबर अपराध का कारण बन सकती है। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि साइबर अपराधी फर्जी बैंक अधिकारी बनकर, पुरस्कार अथवा लॉटरी का लालच देकर, नकली लिंक भेजकर तथा कॉल या स्क्रू के माध्यम से लोगों की निजी व बैंक संबंधी जानकारी हासिल कर लेते हैं और खातों से राशि निकाल लेते हैं। उन्होंने जिलेवासियों से अपील की कि इंटरनेट का उपयोग करते समय विशेष सतर्कता बरतें। ओटीपी, पासवर्ड, एटीएम पिन तथा बैंक से संबंधित कोई भी गोपनीय जानकारी किसी से साझा न करें। संदिग्ध या अनवेरिफाइड लिंक पर क्लिक न करें, अपने मोबाइल व कंप्यूटर के सॉफ्टवेयर को नियमित रूप से अपडेट करते रहें तथा सोशल मीडिया पर अनजान व्यक्तियों से दूरी बनाए रखें।

### सतर्कता से कम हो सकता है साइबर अपराध

एसपी जैन ने स्पष्ट कहा कि साइबर अपराधों से बचने का सबसे प्रभावी हथियार केवल जागरूकता और सतर्कता है। पुलिस ने साइबर जागरूकता को जन-जन तक पहुंचाने के लिए एक विशेष ग्राउंड-एक्शन प्लान भी लागू किया है। इसके तहत पुलिस टीमें जिले के विभिन्न स्कूलों, कॉलेजों और शिक्षण संस्थानों में जाकर छात्रों को डिजिटल सुरक्षा संबंधी व्यावहारिक जानकारी प्रदान कर रही हैं। यह पहल युवाओं में साइबर सुरक्षा को लेकर विशेष उत्साह और सकारात्मकता उत्पन्न कर रही है, जिससे वे डिजिटल दुनिया का और अधिक जिम्मेदारी से उपयोग कर रहे हैं। किसी भी प्रकार की साइबर ठगी या ऑनलाइन अपराध की स्थिति में पीड़ित सीधे नेशनल साइबर क्राइम पोर्टल पर शिकायत दर्ज करा सकते हैं या अपने निकटतम पुलिस स्टेशन/पुलिस चौकी से संपर्क कर सकते हैं। फतेहाबाद पुलिस की त्वरित प्रतिक्रिया प्रणाली पीड़ितों को समयबद्ध राहत दिलाने में अत्यंत प्रभावी साबित हो रही है।



एसपी सिद्धांत जैन।

## गांव की बजाय ओवरब्रिज से रोडवेज बस ले जाने पर ग्रामीणों ने किया हंगामा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

- **फरीदाबाद से डबवाली जा रही थी बस**

नेशनल हाइवे 9 हिसार रोड स्थित गांव बड़ोपल के ग्रामीणों ने उस समय हंगामा कर दिया जब रोडवेज बस चालक ने मनमानी करते हुए बस को गांव के बीच से ले जाने की बजाय ओवरब्रिज पर चढ़ा दिया। इससे खफा ग्रामीणों और बस चालक-परिचालक में जमकर बहस गई। बाद में ग्रामीणों के गुस्से को देखते हुए बस चालक बस को वापस लेकर गया लेकिन फिर बाद भी बस स्टैंड से 500 मीटर दूर यात्रियों को छोड़ा। मिली जानकारी के अनुसार हरियाणा रोडवेज की बस फरीदाबाद से डबवाली जा रही थी। इस बस में हिसार बस स्टैंड से गांव बड़ोपल के लिए 8-10 यात्री सवार हुए। यात्रियों को बड़ोपल बस स्टैंड पर छोडऩे की बजाय ड्राइवर ओवरब्रिज से बस ले जाने लगा। इस पर यात्रियों ने हंगामा कर दिया। कंडक्टर-ड्राइवर मनमानी के विरोध में ग्रामीणों ने बस को बीच रास्ते में रुकवा कर कड़ा विरोध जताया। हंगामे और बहस के बाद बस ड्राइवर-कंडक्टर माने और बस को नीचे ले जाकर गांव के बस स्टैंड से 500 मीटर दूर यात्रियों को छोडक़र आगे की ओर रवाना हुए। हालांकि, ड्राइवर वीडियो में यह कहता भी नजर आया कि वह इस रूट पर नया आया है, उसे पता नहीं था। गांव बड़ोपल के ग्रामीणों चंद्रमोहन, सतपाल, गुरदीप सिंह, विक्रम कुमार ने आरोप लगाया कि फरीदाबाद डिपो की बस रोजाना निर्धारित बस स्टैंड पर रुकने की बजाय ओवरब्रिज से ही गुजर जाती है। इससे बस स्टैंड पर खड़े यात्री घंटों इंतजार करते रहते हैं, जबकि बस उनके सामने से ऊपर से निकल जाती है। बुधवार देर शाम को भी यही हुआ। ग्रामीणों ने बस को बीच सडक़ में रुकवाकर ड्राइवर और कंडक्टर से बस को नीचे स्टैंड पर ले जाने की मांग की। काफी नोकझोंक और बहस के बाद बस स्टाफ को आखिर उनकी बात माननी पड़ी। बस स्टैंड से सवारियों को फतेहाबाद की ओर भी जाना था।

## खबर संक्षेप

### 20 वर्ष पुरानी डकैती में वांछित आरोपी गिरफ्तार

**सिरसा।** ओढ़ा थाना पुलिस ने गांव चोरमार में वर्ष 2005 में हुई बैंक डकैती की वारदात में वांछित छठे आरोपी को गिरफ्तार करने में किया है। गिरफ्तार आरोपी की पहचान अनूप सिंह उर्फ नुप्पा पुत्र मिल्खा सिंह निवासी वादियां जिला मुक्तसर पंजाब के रूप में हुई है। ओढ़ा थाना प्रभारी सब इंस्पेक्टर आनंद बैनीवाल ने बताया कि 17 जनवरी 2005 को विनोद कुमार सहायक उप प्रबंधक पंजाब नेशनल बैंक चोरमार के बयान पर मामला दर्ज किया था। जिसमें लिखा था कि दोपहर 12.15 बजे आरोपियों द्वारा बैंक में घुसकर हथियारों के बल पर बैंक कर्मचारियों को जान से मारने का भय दिखाकर बैंक से 35 हजार रुपए नकद राशि, दो मोबाइल फोन, राइफल व कारतूस लूट कर ले गए।

### कष्ट निवारण समिति की बैठक आज

**सिरसा।** हरियाणा के ऊर्जा, परिवहन व श्रम मंत्री अनिल विज की अध्यक्षता में आगामी 28 नवंबर को दोपहर 12.15 बजे स्थानीय पंचायत भवन में जिला लोक संपर्क एवं कष्ट निवारण समिति की बैठक का आयोजन किया जाएगा। इस बैठक में कैबिनेट मंत्री अनिल विज विभिन्न विभागों से संबंधित कुल 17 शिकायतों को सुनेंगे। उपायुक्त शांतनु शर्मा ने सभी विभागाध्यक्षों को निर्देश दिए कि वे संबंधित शिकायत की रिपोर्ट सहित बैठक में समय पर उपस्थित होना सुनिश्चित करें।

### नवोदय विद्यालय में प्रवेश के लिए प्रवेश पत्र जारी

**ओढां।** जवाहर नवोदय विद्यालय, ओढ़ा में कक्षा 6 में प्रवेश के लिए आयोजित होने वाली परीक्षा के प्रवेश पत्र जारी कर दिए गए हैं। विद्यालय में शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए कक्षा 6 में प्रवेश के लिए प्रवेश परीक्षा 13 दिसंबर को सिरसा जिले के विभिन्न खंडों के चयनित स्कूलों में आयोजित की जाएगी। जवाहर नवोदय विद्यालय ओढ़ा के प्रिंसिपल ललित कालरा ने बताया कि इस परीक्षा के लिए ऑनलाइन आवेदन अगस्त 2025 में मांगे गए थे। जिन छात्र एवं छात्राओं ने इस परीक्षा में भाग लेने के लिए आवेदन किया था, वे प्रवेश पत्र नवोदय विद्यालय सिरसा की आधिकारिक वेबसाइट से डाउनलोड कर सकते हैं। प्रवेश पत्र डाउनलोड करने के लिए ऑनलाइन भरे गए फार्म का रजिस्ट्रेशन नंबर आवश्यक होगा, जन्मतिथि पासवर्ड के रूप में उपयोग करनी होगी।

### खो खो में राजकीय स्कूल टीम द्वितीय

**सिरसा।** सांसद खेल महोत्सव के तहत विस स्तर पर आयोजित खेल प्रतियोगिताओं में राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय साहूवाला द्वितीय ने प्रदर्शन किया है। गांव बाजेकां में आयोजित प्रतियोगिता में विद्यालय की टीमों ने खंड शिक्षा अधिकारी विजय सचदेवा के नेतृत्व में भाग लिया। विद्यालय प्राचार्या मंजू पूनिया ने बताया कि विद्यालय की छात्राओं ने खो-खो प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त कर शानदार जीत दर्ज की, जबकि कबड्डी प्रतियोगिता में दूसरा स्थान हासिल किया। व्यक्तिगत प्रतियोगिताओं में भी छात्रों ने बेहतरीन प्रदर्शन किया। कक्षा 12 के छात्र कृष्ण ने 100 मीटर दौड़ में दूसरा स्थान प्राप्त किया। लंबी कूद में 10वीं की छात्रा ने तृतीय रही।

### राष्ट्रीय लोक अदालत 13 दिसंबर को लगेगी

**सिरसा।** हरियाणा राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार आगामी आगामी 13 दिसंबर को न्यायालय परिसर सिरसा, उपमंडल न्यायालय परिसर डबवाली व ऐलनाबाद में चौथी राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव एवं मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी प्रवेश सिंगला ने बताया कि हरियाणा राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार समय-समय पर लोक अदालतों का आयोजन किया जाता है। उन्होंने बताया कि लोक अदालत की प्रक्रिया बिल्कुल संक्षिप्त व साधारण है, जिसमें दोनों पक्षों की सहमति से केस का निपटारा किया जाता है।

---

## गांव खैरेकां में हैंडबॉल प्रतियोगिता आयोजित

# एसपी ने युवाओं को नशे के खिलाफ किया जागरूक

**मुहिम में सराहनीय करने वाले युवाओं तथा ग्रामीणों को सम्मानित भी किया जाएगा**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरसा

पुलिस अधीक्षक दीपक सहारण ने कहा कि युवा अपनी ऊर्जा शिक्षा व खेलों में लगाएं और अपनी बेहतर प्रतिभा का प्रदर्शन कर अपने मां-बाप तथा इलाके का नाम रोशन करें। नशे के खिलाफ चलाए जा रही मुहिम में आमजन आगे आकर अग्रणी भूमिका निभाए तथा और अधिक भागीदारी सुनिश्चित करें ताकि नशा को समाज से पूरी तरह से नष्ट किया जा सके। एसपी दीपक सहारण गुरुवार को सिरसा जिले के गांव खैरेका में ग्राम पंचायत खैरेंकां, यूथ क्लब एसोसिएशन तथा लक्ष्य क्लब खैरेकां की ओर से आयोजित हैंडबॉल खेल प्रतियोगिता में उपस्थित खिलाड़ियों व ग्रामीणों को संबोधित कर रहे थे।

एसपी ने युवाओं से आवाह्न किया कि वे नीरज चोपड़ा जैसे अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ियों को अपना आदर्श मानकर निरंतर आगे बढने के लिए प्रयास करें। एसपी ने कहा कि अब जिला पुलिस सभी गांवो में युवाओं को खेल गतिविधियों से जोड़ेगी तथा समूचे जिले में विभिन्न खेल प्रतियोगिताएं का आयोजन करवाकर युवाओं को नशे से दूर रहने का संदेश दिया जा रहा है। उन्होंने बताया कि जिला पुलिस नशे के खिलाफ लगातार विशेष अभियान चलाए हुए हैं और ओर इसी मुहिम के तहत युवाओं तथा आम लोगों को नशे के खिलाफ जागरूक करने के लिए लगातार सेमिनार व गोष्ठियों का आयोजन कर जन जागृती महा अभियान चलाए हुए है। पुलिस अधीक्षक दीपक सहारण ने कहा कि नशा समाज के लिए गंभीर चुनौती है,और इस चुनौती से निपटने के लिए समाज के प्रत्येक वर्ग को आगे आकर अग्रणी भूमिका निभानी होगी। एसपी ने कहा कि नशे के खिलाफ चलाए जा रहे सामाजिक आंदोलन में बढ़-चढक़र भाग ले।

उन्होंने कहा कि मां-बाप अपने बच्चों की दैनिक गतिविधियों पर पैनी नजर रखें तथा अपने बच्चों को नशे से दूर रहकर शिक्षा तथा खेलकूद की गतिविधियों में निरंतर आगे बढने के लिए प्रेरित करें। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि कोई युवा नशे की दलदल में फंस गया है तो इसकी सूचना पुलिस प्रशासन को दें।



सिरसा। उपस्थित लोगों को संबोधित करते एसपी दीपक सहारण।

> गांव खैरेकां व डेरा सच्चा सौदा सिरसा की टीमों के बीच हुए हैंडबाल का मैच में खैरेकां की टीम विजेता रही। विजेता टीम को पुलिस अधीक्षक ने ट्रॉफी भेंट कर सम्मानित किया।

## एसपी की अगुवाई में एसआईटी गठित रिमांड पर खंगाले जाएंगे विदेशी लिंक



**सिरसा।** सिरसा पुलिस ने बरनाला रोड स्थित महिला थाना के निकट परसों रात्रि संदिग्ध विस्फोटक पदार्थ से विस्फोट करने मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए पांच लोगों को धर दबोचने में सफलता हासिल की है। पुलिस अधीक्षक दीपक सहारण ने अपने कार्यालय में पत्रकारों से बातचीत करते हुए बताया कि 25 नवंबर की रात्रि करीब 10-11 बजे महिला थाना के निकट संदिग्ध विस्फोटक से विस्फोट किया गया। मामला संज्ञान में आते ही पुलिस ने छानबीन की। उन्होंने बताया कि मामले में पांच लोगों को गिरफ्तार किया गया है। उन्हें अदालत में पेशकर रिमांड पर लिया जाएगा और रिमांड अवधि में उनके आंतकी से लिंक की पड़ताल की जाएगी। पुलिस अधीक्षक दीपक सहारण ने बताया कि पुलिस ने जांच करते हुए जिन पांच लोगों को काबू किया है, उनमें चार गांव खारियां के निवासी हैं और एक सिरसा न्यू हाऊसिंग बोर्ड का रहने वाला है। उन्होंने बताया कि जिन पांच लोगों को गिरफ्तार किया गया है, उनमें 3 पर पहले मारपीट के मामले दर्ज है और उनमें एक नशेड़ी बताया गया है। श्री सहारण ने बताया कि इस बारे में सिविल लाइन थाना सिरसा में भारतीय न्याय संहिता की धारा 109, 111, एक्सपलोसिव एक्ट की धारा 3, 4 तथा यूएपीए की विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है। उन्होंने बताया कि एक आईपीएस के अधीन एसआईटी गठित की गई है। उन्होंने बताया कि पुलिस हर पहलू की जांच कर रही है। पुलिस ने मौके से अहम सबूत जुटाए है। विस्फोटक किस किस्म का था? कहां से विस्फोटक सामग्री जुटाई गई। पुलिस विभिन्न पहलूओं की गहन जांच कर रही है। पुलिस अधीक्षक दीपक सहारण ने मामले में आतंकी घटना से इंकार नहीं किया। उन्होंने कहा कि मामले की गहन जांच जारी है। आरोपियों से पूछताछ में जो जानकारी सामने आएगी, उसके आधार पर आगे की कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। उन्होंने पंजाब में समानांतर घटना बारे कहा कि सिरसा पुलिस पंजाब पुलिस के लगातार संपर्क में है और एक दूसरे को सहयोग कर रहे है। पुलिस अधीक्षक ने लोगों से अफवाहों पर ध्यान न देने का आग्रह किया।

## खंड स्तरीय पर युवा ग्राम पंचायत प्रतियोगिताएं



चोपटा। प्रतियोगिता की विजेता टीम को सम्मानित करते हुए।

- प्रतियोगिता में कक्षा 9वीं व 11वीं के करीब 50 बच्चों ने भाग लिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ चोपटा

नाथूसरी चोपटा खंड के गांव जोधकां व शेरपुरा के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालयों में वीरवार को खंड स्तरीय युवा ग्राम पंचायत प्रतियोगिता हुई। यह प्रतियोगिता जनसंख्या शिक्षा प्रकोष्ठ, राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद गुरुग्राम के सौजन्य से आयोजित की गई। इस प्रतियोगिता में कक्षा 9वीं व 11वीं के लगभग 50 विद्यार्थियों ने भाग लिया। इस अवसर पर बच्चों ने गांव से जुड़े विभिन्न मुद्दों जैसे हॉकी खिलाड़ी सविता पूनिया के नाम से गांव में खेल स्टेडियम बनवाने, गांव के विद्यालय में नए कमरे बनवाने, गांव की गलियां पक्की करवाने, सफाई व्यवस्था, नालियों में गंदगी, गांव की गलियों में बिजली आपूर्ति तथा गांव में पटवारी की स्थाई रूप से व्यवस्था करना, गांव के जोहड़ की चारदीवारी की मुरम्मत करवाना जैसे विषयों पर विचार-विमर्श किया गया। ग्राम सभा में सभी मुद्दों पर चर्चा के बाद आम सहमति से निर्णय लिए गए। प्रतियोगिता की तैयारी राजनीति शास्त्र प्राध्यापक सुभाष पारीक, देशराज माचरा, के मार्गदर्शन में की गई।

**एक दिसंबर तक होंगी**

डीआरयू प्रभारी डॉ. अनिल बिश्नोई ने बताया कि यह प्रतियोगिता 26 नवंबर से 1 दिसंबर तक जिला के 26 वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालयों में आयोजित की जाएगी। उन्होंने बताया कि इस प्रतियोगिता का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों में संचार कौशल, नेतृत्व क्षमता, सामाजिक भावनात्मक टीमवर्क, समालोचनात्मक चिंतन, सहानुभूति, बुद्धिमत्ता और समस्या समाधान कौशल को बढ़ावा देना है। कार्यक्रम में छात्रा कशिश ने सरपंच की भूमिका निभाई, जबकि मनीषा ने ग्राम सचिव की भूमिका अदा की। निर्णायक मंडल में राजनीतिक विज्ञान के प्रवक्ता जगदीश बराच व सुरेश शर्मा शामिल रहे। प्रवक्ता जगदीश बराच ने बताया कि इस प्रकार की गतिविधियों से विद्यार्थियों में नेतृत्व क्षमता बढ़ती है।

## चार पुलिस अधिकारी पदोन्नत होकर बने निरीक्षक पुलिस अधीक्षक ने स्टार लगाकर किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फतेहाबाद

जिले के कानून और व्यवस्था के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान देने वाले चार उपनिरीक्षकों को आज निरीक्षक पद पर पदोन्नति मिलने के उपलक्ष्य में पुलिस अधीक्षक सिद्धांत जैन ने उन्हें शुभकामनाएँ दीं।

इस विशेष अवसर पर पुलिस अधीक्षक ने उनके समर्पण, परिश्रम और कार्यकुशलता की सराहना करते हुए उन्हें स्टार लगाकर सम्मानित किया। पदोन्नत हुए अधिकारियों में श्याम लाल, प्रभारी, आरटीआई शाखा, फतेहाबाद, देवीलाल, अपराध शाखा, फतेहाबाद, राजबीर, स्कूटनी सैल, फतेहाबाद तथा बलराज सिंह, एडीए शाखा, फतेहाबाद शामिल है। पुलिस अधीक्षक ने कहा, यह पदोन्नति उनके अथक परिश्रम, ईमानदारी और पेशेवर कौशल का प्रतीक है। उन्हें गर्व है कि उनके जिले में ऐसे समर्पित और योग्य अधिकारी सेवा दे रहे हैं। उन्होंने नव-निरीक्षकों को जिले की जनता की सुरक्षा और कानून व्यवस्था बनाए रखने में और भी उत्कृष्ट कार्य करने के लिए प्रेरित किया। इस खुशी के मौके पर सभी पदोन्नत अधिकारियों को मिठाई खिलाकर सम्मानित किया गया।



फतेहाबाद। पदोन्नत पुलिस अधिकारियों को बधाई देते एसपी सिद्धांत जैन।

### एमएचडी साइंस फेस्ट में 350 ने लिया भाग

**ओढां।** माता हरकी देवी महिला महाविद्यालय ओढ़ा में नई शिक्षा नीति 2020 के स्टेम पहलुओं को प्रोत्साहित करने के लिए एमएचडी साइंस फेसट 2025 का भव्य आयोजन किया गया, जिसमें 100 से अधिक टीमों के 350 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया।

छात्रों ने कृषि जल प्रबंधन, सतत ऊर्जा, पर्यावरण संरक्षण, तकनीकी नवाचार आदि विषयों पर उत्कृष्ट मॉडल प्रस्तुत किए। कार्यक्रम का आयोजन प्रबंध निदेशिका डॉ. कुलदीप कौर आनंद, एसोसिएट डायरेक्टर शशिकांत शर्मा व प्राचार्या डॉ. अभिलाषा शर्मा के निर्देशन में हुआ। मुख्य अतिथियों में मंदर सिंह सरां, अमित मेहता, डॉ. पंकज सिढ़ाना, भूपेंद्र कुमार व राजकुमार उपस्थित रहे।

## नशामुक्ति टीम का वार्ड 12 में जागरूकता अभियान, 8 पीड़ितों की काउंसलिंग की

- आयुर्वेदिक और होम्योपैथिक औषधियां प्रदान की गई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फतेहाबाद

जिला पुलिस द्वारा नशे में फंसे लोगों को इस दलदल से बाहर निकालने को लेकर चलाए जा रहे जागरूकता अभियान के तहत नशामुक्ति टीम आज रतिया के वार्ड 12 में पहुंची। एसआई सुंदर के नेतृत्व में नशा मुक्ति टीम ने रतिया शहर के वार्ड 12 का दौरा किया। टीम ने नशे की चपेट में आए युवाओं और नागरिकों से मिलकर उन्हें पुनर्वास एवं नशामुक्त जीवन की ओर प्रेरित किया। अभियान के दौरान वार्ड में 8 ड्रग पीड़ितों को चिन्हित किया गया। सभी का काउंसलिंग किया गया और उनकी मानसिक एवं शारीरिक स्थिति के अनुसार आयुर्वेदिक और होम्योपैथिक औषधियां प्रदान की गई। टीम ने वार्ड की गलियों और सार्वजनिक स्थलों पर आम नागरिकों से संवाद कर समाज में नशे के खतरे के बारे में जागरूकता फैलाई। ग्रामीणों को बताया गया कि नशा और उसका कारोबार समाज के लिए गंभीर खतरा है।



रतिया। लोगों को नशे के खिलाफ जागरूक करती नशामुक्ति टीम सदस्य।

### संविधान की प्रस्तावना की शपथ दिलाई

**सिरसा।** राजकीय नेशनल महाविद्यालय में संविधान दिवस पर कार्यकारी प्राचार्य डॉ. हरविंद्र सिंह की अध्यक्षता एवं एनएसएस प्रकोष्ठ व एनसीसी विंग के संयुक्त तत्वावधान में शपथ ग्रहण कार्यक्रम आयोजित किया गया। महाविद्यालय के जनसंपर्क अधिकारी प्रो. रमेश सोनी ने बताया कि शपथ ग्रहण समारोह में काफी संख्या में स्वयंसेवकों ने भाग लिया। सर्वप्रथम एनएसएस प्रभारी डॉ. जीतराम शर्मा ने सभी उपस्थित छात्रों को संविधान की प्रस्तावना की शपथ दिलाई। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि संविधान की प्रस्तावना केवल एक निर्देश मात्र न होकर ससंविधान, राष्ट्र एवं नागरिकों की आत्मा होती है। कार्यक्रम में लेफ्टिनेंट प्रो. शेर सिंह व डॉ. बब्लेश झोरड़ मौजूद रहे।

## ऑपरेशन जीवन ज्योति : डॉग स्क्वॉड के साथ रतिया में तलाशी अभियान जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फतेहाबाद

रतिया क्षेत्र में पुलिस ने नशे के कारोबार के खिलाफ गुरूवार को एक बार फिर बड़ी और सघन कार्रवाई की। डीएसपी रतिया नरसिंह के नेतृत्व में गुरूवार सुबह रतिया शहर और आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में डॉग स्क्वाड, स्वैट टीम और कमांडो यूनिट के साथ मिलकर व्यापक तलाशी अभियान चलाया गया। सुबह से ही पुलिस बल की मजबूत उपस्थिति और रणनीतिक कार्रवाई से पूरे क्षेत्र में हडकंप मच गया।

मुख्य चौक, बस स्टैंड, बाईपास, बाजार और अन्य संवेदनशील स्थानों पर संदिग्ध वाहनों, राहगीरों और ठिकानों की कड़ी जांच और सघन चेकिंग की गई। डॉग स्क्वाड के जैक और रैम्बो की तेज सूंघ और कमांडो बल की तत्पर कार्रवाई ने नशा तस्करों को चौकन्ना कर दिया। कई स्थानों पर सख्त चेकिंग से अपराधियों में डर पैदा हुआ और आम जनता में सुरक्षा का भरोसा और जागरूकता का संदेश पहुंचा। डीएसपी रतिया नर सिंह ने कहा कि यह अभियान आने वाले दिनों में और भी तेज गति से जारी रहेगा। उन्होंने साफ कहा कि नशे के कारोबार को किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। पुलिस इस जहर के व्यापार को पूरी तरह से खत्म करने के लिए प्रतिबद्ध है।



रतिया। तलाशी अभियान चलाते पुलिस कर्मचारी।

### स्कॉलर्स स्कूल में 'मॉक यूथ पार्लियामेंट'

**फतेहाबाद।** संविधान दिवस के अवसर पर स्कॉलर्स कान्वेंट स्कूल में 'मॉक यूथ पार्लियामेंट' का शानदार आयोजन किया गया। इस युवा संसद कार्यक्रम में स्कूल के नौवीं से ग्यारहवीं कक्षा के विद्यार्थियों ने भाग लिया।

युवा संसद में पक्ष और विपक्ष के बीच सारगर्भित तरीके से विभिन्न प्रासंगिक विषयों पर स्वस्थ चर्चा की गयी। युवा संसद के पक्ष और विपक्ष में गहमागहमी भी हुई। स्कूल के डायरेक्टर शैलेन भास्कर और वाईस प्रिंसिपल सुमन नागपाल ने अपने सम्बोधन में बच्चों और स्कूल टीचर्स का उत्साहवर्धन किया और कहा कि ऐसे आयोजन के माध्यम से हमारी लोकतान्त्रिक संस्थाओं का सजीव चित्रण बच्चों को देखने को मिलता है।

## विद्यार्थी जन्मदिन पर पेड़ अवश्य लगाएं : अनिता



भट्टूकलां। जन्मदिन पर बच्चे के साथ पौधा लगाते स्कूल प्रधानाचार्या।

- पर्यावरण के लिए सकारात्मक और स्थायी उपहार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भट्टूकलां

जन्मदिन पर एक पौधा अवश्य लगाएं, जो पर्यावरण के लिए एक सकारात्मक और स्थायी उपहार है। यह एक पुरानी परंपरा है जो पर्यावरण के महत्व के बारे में जागरूकता बढ़ाती है और हर व्यक्ति को अपने जन्मदिन को प्रकृति को सपर्पित करने के लिए प्रेरित करती है। यह बात पीडीएम स्कूल खाबड़ा कलां की प्रधानाचार्या अनीता गिजरोईया ने कही। उन्होंने कहि कि जन्मदिन को मनाने के लिए बच्चे काफी उत्साहित होते है, जिसको मनाने के लिए वो होटल में जाते है, लेकिन दूसरी कक्षा के छात्र रजत पुत्र कृष्ण कुमार निवासी गाँव ठुईयाँ व बाहरवीं कक्षा के छात्र सोनू पुत्र सुरेन्द्र सिंह गांव सुली खेड़ा ने अनोखी पहल की है। उन्होंने पीडीएम स्कूल, खाबड़ा कलां में अपना जन्मदिन विद्यालय में पौधा लगाकर मनाया। इस अनूठी पहल से अन्य विद्यार्थियों को भी एक प्रेरणा मिली।

**शुभकामनाएं दीं**

प्रधानाचार्या अनीता गिजरोईया व डायरेक्टर साधुराम जाखड़ ने छात्र रजत को उसके जन्मदिन कि शुभकामनाएं दी। साथ ही कहा कि पेड़ हमारे लिए उतने ही महत्वपूर्ण है जितनी की हमारी सांसे। उन्होंने बताया कि वर्षा ऋतु के समय पीडीएम स्कूल के काफी बच्चों ने अपने नाम का एक पौधा लगाया और उनकी देखभाल भी करते हैं। सभी विद्यार्थियों को पर्यावरण के प्रति जागरूक होने की आवश्यकता है, जिससे हम पर्यावरण से संबंधित समस्याओं से निजात पा सकते हैं। उन्होंने छात्रों से आह्वान किया कि वे सभी अपने-अपने जन्मदिन पर एक पौधा अवश्य लगाएं और उन पौधे की सार संभाल तक का जिम्मा भी लें।

## कार्यक्रम सर्व श्री चंडी माता सेवा ट्रस्ट की ओर से आयोजित

# महायज्ञ में संत समाज ने दिया आशीर्वाद, यज्ञ का महत्व बताया

**यज्ञ में शामिल जूना अखाड़ा के अंतरराष्ट्रीय सचिव महंत कमलपुरी महाराज पहुंचे**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फतेहाबाद

सर्व श्री चंडी माता मंदिर अशोक नगर में जारी श्री शतचण्डी हवनात्मक महायज्ञ और रूद्र याग में भव्य धार्मिक माहौल देखने को मिला। यज्ञ में शामिल होने के लिए जूना अखाड़ा के अंतरराष्ट्रीय सचिव महंत कमलपुरी महाराज पहुंचे। उनके साथ पुरी धाम रोहतक से महामंडलेश्वर कर्णपुरी महाराज तथा कलानौर स्थित डेरा सत बाबा मेहर शाह के महंत बाबा ईश्वर शाह महाराज भी पधारे। मंदिर गद्दीनशीन माता सत्यमदेवा ने संतों का स्वागत किया। संतों ने यज्ञशाला में वेद मंत्रों के उच्चारण के बीच आहुतियां डालकर जन-कल्याण और विश्व शांति की कामना की। कार्यक्रम सर्व श्री चंडी माता सेवा ट्रस्ट की ओर से आयोजित किया जा रहा है।



फतेहाबाद। शतचंडी महायज्ञ में भाग लेते संत महात्मा। *फोटो : हरिभूमि*

**30 नवंबर को समापन होगा**

महंत कमलपुरी महाराज ने कहा कि फतेहाबाद जैसे शहर में इतने विशाल महायज्ञ का आयोजन होना अत्यंत प्रशंसनीय है। ऐसे दिव्य कार्य भगवान की कृपा और श्रद्धालुओं की आस्था के बिना संभव नहीं होते। उन्होंने कहा कि फतेहाबाद के लोग वास्तव में सौभाग्यशाली हैं जो उन्हें इतना पवित्र और पुण्य अवसर प्राप्त हो रहा है। वहीं महंत बाबा ईश्वर शाह महाराज और महामंडलेश्वर कर्णपुरी महाराज ने भी ट्रस्ट के प्रयासों की सराहना की और कहा कि धार्मिक आयोजन समाज को जोडने और सकारात्मक ऊर्जा प्रदान करने का माध्यम बनते हैं। इस अवसर पर समाजसेवी प्रवीण मेहता व नीलम मेहता ने यजमान की भूमिका निभाई। कार्यक्रम में मंदिर ट्रस्ट के प्रधान संजय आहूजा, प्रमुख सेवादार संजय शर्मा, पार्षद नीलांशी शर्मा, रिंकू खन्ना, रमेश असीजा, साहिल असीजा, जगदीश दरियापुर, बंसीलाल कक्कड़ सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे। हवन अनुष्ठान आचार्य भीष्म भारद्वाज व पंडित भोला दत्त शास्त्री द्वारा वेद विधि विधान से करवाए जा रहे हैं। ट्रस्ट प्रधान संजय आहूजा ने बताया कि महायज्ञ 29 तक चलेगा। प्रतिदिन सुबह 8 से 12 बजे तक हवन-पूजन और शाम 3 से 5:15 बजे तक यज्ञ व आरती होगी। 29 नवंबर को सुबह 11:15 बजे पूर्णाहुति एवं कन्यादान संस्कार तथा दोपहर 12:15 बजे लंगर लगेगा। 30 नवंबर को मूर्ति विसर्जन के साथ कार्यक्रम का समापन होगा।